प्रातःकालीन दैनिक | 8 वर्ष प्रगति निरंतर | नई दिल्ली ■ उत्तर प्रदेश ■ महाराष्ट्र ■ हरियाणा ■ उत्तराखंड ■ राजस्थान ■ मध्यप्रदेश सहित राज्यों में प्रसारित | निष्पक्ष निर्भीक पत्र

RNI- DELHIN/2016/71693

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# श्रीजी एक्सप्रेस

वर्ष : 09 | अंक : 217 | नई दिल्ली, शनिवार 15 फरवरी, 2025 | फाल्गनु कृष्ण तृतिया, विक्रम संवत 2081 | पेज : 8 | मूल्य: ₹ 2 रुपये | www.shreejiexpress.com | Email-shreejiexpress2013@gmail.com

## अमेरिका और भारत के बीच एक विशेष संबंध है- डोनाल्ड ट्रंप

### तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण, एफ -35 युद्धक विमान की खरीद समेत कई अहम समझौते की घोषणा

**वाशिंगटन/नई दिल्ली, (सौरभ वार्ष्णेय)।**

व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय वायु सेना के लिए एफ 35 युद्धक विमान की खरीद का मार्ग प्रशस्त करने तथा भारत को तेल एवं गैस की आपूर्ति के एक समझौते सहित मुंबई में 26 नवंबर 2008 के आतंकवादी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण किये जाने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ चार घंटे तक चली बैठकों के बाद ये घोषणाएं की तथा संकेत दिया कि वह भारत द्वारा खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रत्यर्पण की दिशा में कदम उठाने वाले हैं। उन्होंने बंगलादेश के मुद्दे पर प्रधानमंत्री श्री मोदी को समुचित कदम उठाने की भी सलाह दी। व्यापार समझौतों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ किया कि वह किसी को हराना नहीं बल्कि अमेरिका के हितों की रक्षा करने के हक में हैं।

श्री मोदी के व्हाइट हाउस पहुंचने पर श्री ट्रंप ने बहुत गर्मजोशी स्वागत करते हुए गले मिले। श्री ट्रंप ने कहा, हमने आप याद आए, हमने आपको बहुत याद किया। प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करके मुझे बहुत खुशी हुई। वह लंबे समय से मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं।

दोनों नेताओं के बीच ओवल आफिस में एकांत में मुलाकात हुई और फिर प्रतिनिधिमंडल स्तर की बात



हुई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रधानमंत्री को एक पुस्तक हमारी यात्रा एक साथ उपहार में दी। उन्हें हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रम्प कार्यक्रम से संबंधित कई तस्वीरें तथा कई अन्य तस्वीरें दिखाईं। श्री ट्रम्प ने पुस्तक पर हस्ताक्षर के साथ लिखा, श्रीमान प्रधानमंत्री आप महान हैं।

बाद में मीडिया से बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, मैं व्हाइट हाउस में पीएम मोदी का स्वागत करके रोमांचित हूं। हम यहां और भारत में भी काफी समय बिताते हैं। हमने 5 साल पहले आपके खूबसूरत देश की यात्रा की थी... यह एक अविश्वसनीय समय था। अमेरिका और भारत के बीच एक विशेष संबंध है-दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र का। उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री मोदी का यहां आना बहुत सम्मान की बात है। वह लंबे समय से मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारा एक अद्भुत संबंध रहा है और हमने अपने 4 साल की अवधि के दौरान रिश्ते को बनाए रखा... हमने अभी फिर से शुरुआत की है। मुझे लगता है कि हमारे पास बात करने के लिए कुछ बहुत बड़ी चीजें हैं। वे हमारे बहुत सारे तेल और गैस खरीदने जा रहे हैं। हमारे पास दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक तेल और गैस है। उन्हें इसकी आवश्यकता है, और हमारे पास है। हम व्यापार के बारे में बात करने जा रहे हैं।

- - अमेरिका-भारत कॉम्पैक्ट-सैन्य साझीदारी के लिए अवसरों को उत्प्रेरित करना, 21 वीं सदी के लिए त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी-सहयोग के प्रमुख स्तंभों-रक्षा, निवेश और व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार, बहुपक्षीय सहयोग, लोगों से लोगों के कनेक्शन में परिवर्तनकारी परिवर्तन को चलाने के लिए
- -रक्षा- 21 वीं सदी में अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझीदारी के लिए एक नया दस साल का ढांचा-इस साल हस्ताक्षर किए जाएंगे।
- भारतीय सेवाओं में बढ़ते अमेरिकी प्लेटफॉर्म-अमेरिका अंतर-संचालन और रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत के साथ रक्षा बिक्री और सह-उत्पादन का विस्तार करेगा।
- समझौते की बिक्री शर्तों के बाद 6 अतिरिक्त पी 8 आई की खरीद शस्त्र विनियमों (आईटीएआर) में अंतर्राष्ट्रीय यातायात की समीक्षा, रक्षा व्यापार, प्रौद्योगिकी विनिमय और रखरखाव, अतिरिक्त आपूर्ति और देश में मरम्मत और अमेरिका द्वारा प्रदान की गई रक्षा प्रणालियों के ओवरहाल को सुव्यवस्थित करने के लिए
- पारस्परिक रक्षा खरीद (आरडीपी) समझौते के लिए इस साल वार्ता शुरू करना अंतरिक्ष, वायु रक्षा, मिसाइल, समुद्री और समुद्र के नीचे प्रौद्योगिकियों में रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग में तेजी लाना
- अमेरिका ने भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों और समुद्र के नीचे की प्रणालियों को जारी करने पर अपनी नीति की समीक्षा की घोषणा की।
- नई पहल-स्वायत्त प्रणाली उद्योग गठबंधन (एएसआईए)- हिंद-प्रशांत में उद्योग साझीदारी और उत्पादन को स्केल करें।
- स्वायत्त प्रणाली उद्योग गठबंधन पानी के नीचे डोमेन जागरूकता प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भारत-अमेरिका सहयोग को संदर्भित करता है।
- अमेरिका ने वाणिज्यिक आधार पर यूडीए प्रौद्योगिकियों के लिए कुछ सह-उत्पादन और सह-विकास के अवसरों की पेशकश की है।
- भारत पहला ऐसा देश है जिसके साथ अमेरिकी रक्षा उद्योग ने इन संवेदनशील प्रौद्योगिकियों पर काम करने की पेशकश की है। इस संबंध में संबंधित अमेरिकी कंपनियों और संभावित भारतीय भागीदारों के बीच चर्चा चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने दी पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद सीआरपीएफ के 40 जवानों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।श्री खरगे ने कहा एक ऋणी राष्ट्र के रूप में, हम अपने पुलवामा शहीदों के अदम्य साहस और बलिदान को सलाम करते तहैं। उनके प्रति हमारा हार्दिक आभार। भारत माता के लिए उनके निस्वार्थ बलिदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा।श्री गांधी ने कहा पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा।श्रीमती वाड्रा ने कहा, हम पुलवामा आतंकी हमले में सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे जांबाज सैनिकों को नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि। देश वीर शहीदों और उनके परिवारजनों का हमेशा ऋणी रहेगा। जय हिंद।

### 'आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र' पर भ्रामक विज्ञापन पर तीन लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईआईटी-जेईई परीक्षा के परिणाम के बारे में भ्रामक दावे करने वाले विज्ञापन देने के लिए कोचिंग संस्थान आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।उपभोक्ता मामले, खाद्य और जन वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि किसी भी वस्तु या सेवा का कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो।सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापनों के लिए अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को 46 नोटिस जारी किए हैं। सीसीपीए ने 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापन बंद करने का निर्देश दिया है।उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के मद्देनजर, मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता में सीसीपीए ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ एक आदेश जारी किया है।

### शाहः पुलिस आयुक्तालयों में नए आपराधिक कानून लागू करने को कहा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार से राज्य के सभी पुलिस आयुक्तालयों में तीन नए आपराधिक कानूनों को जल्द से जल्द लागू करने को कहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।महाराष्ट्र में आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर यहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार को नए आपराधिक कानूनों के अनुसार अभियोजन निदेशालय बनाना चाहिए।भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लिया है। ये नए कानून पिछले साल एक जुलाई से लागू हुए।

### बेंगलुरु में द्विवार्षिक आयोजन 'एयरो इंडिया' का समापन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दर्शकों को शुक्रवार को 'एयरो इंडिया 2025' के अंतिम दिन हवाई करतबों का बेहतर नजारा देखने को मिला।सुबह 10.30 बजे हुए शो में 10 विमानों की ताकत का प्रदर्शन किया गया, जिनमें लोकप्रिय रूसी विमान एसयू-57 और अमेरिकी एफ-16, हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड (एचएएल) के एलयूएच, एचटीटी-40, एलसीए एमके-1ए और आईजेटी, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एसयू-30 एमकेआई और प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (एसकेएटी), राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (एनएएल) के हंसा और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एफटीबी द्वारा संचालित नौ एचएडब्ल्यूके शामिल थे।बोइंग के बिजनेस कम्युनिकेशंस के वरिष्ठ प्रबंधक सिद्धांत सिंह चौहान ने कहा कि वह रोमांचित हैं क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन के दिन बोइंग स्टॉल पर रुके थे।चौहान ने कहा कि वह बोइंग की एआई-संचालित प्रस्तुति को मिली प्रतिक्रिया से भी खुश हैं। साइंस-फिक्शन फिल्म के किसी दृश्य की तरह, लोगों ने सेंसर-सक्रिय पारदर्शी स्क्रीन पर बोइंग के उत्पादों के बारे में जाना।लातविया स्थित सॉफ्टवेयर और विमान डिजाइन डेवलपिंग फर्म फिक्सर के सीईओ, सीटीओ और संस्थापक वसीली फेनवेट्स ने कहा कि उन्हें हैदराबाद स्थित अक्सी एयरोस्पेस ग्रुप में एक आदर्श साझेदार मिला

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के बाद भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के अगले कदम पर टिकीं नजरें

**इंफाल।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने और विधानसभा को निलंबित किए जाने के एक दिन बाद अब सभी की निगाहें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व पर टिकी हैं कि वह राज्य में अगला कदम क्या उठाएगा।अधिकारियों ने बताया कि केंद्र की ओर से राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के बाद पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।मणिपुर में बृहस्पतिवार शाम को राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था और विधानसभा को निलंबित कर दिया गया। कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद यहां राजनीतिक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई थी।यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि भाजपा अपने पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा और विधायकों के बीच कई दौर की चर्चा के बावजूद मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर आम सहमति बनाने में विफल रही थी। मणिपुर में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे सिंह ने लगभग 21 महीने की जातीय हिंसा के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। हिंसा की घटनाओं में अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

## देश की संपत्ति को लूटना विदेश में प्रधानमंत्री के लिए 'व्यक्तिगत मामला' बन जाता हैः राहुल गांधी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी से जुड़े मामले में की गई टिप्पणी को लेकर शुक्रवार आरोप लगाया कि विदेश में प्रधानमंत्री मोदी के लिए रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना फ्व्यक्तिगत मामलाफ बन जाता है।प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त



प्रेस वार्ता में गौतम अदाणी से जुड़े सवाल पर कहा, ''भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति 'वसुधैव कुटुंबकम' की है। हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। मेरा मानना है कि हर भारतीय से मेरा नाता है।'' मोदी ने कहा कि दो नेताओं के बीच बातचीत में ऐसे व्यक्तिगत मामलों पर चर्चा नहीं की जाती। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला।

## पुलवामा की बरसी पर मोदी, शाह ने शहीदों को किया नमन

### 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने एक आत्मघाती हमले को अंजाम दिया था

**नई दिल्ली।** पुलवामा आतंकी हमले को आज छह साल हो चुके हैं। 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने एक आत्मघाती हमले को अंजाम दिया था, जिसमें सीआरपीएफ के 39 जवान शहीद हो गए थे। इस दुखद घटना में शहीद हुए जवानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य प्रमुख नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। पुलवामा की बरसी के अवसर पर शुक्रवार 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शहीद जवानों को याद करते हुए लिखा, 2019 में हमने जिन वीर जवानों को खोया, उन्हें शत-शत नमन। आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट




समर्पण भावना को कभी नहीं भूलेंगी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी पुलवामा बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है। उन्होंने लिखा, यह कायराना हमला हमारे जवानों की कुर्बानी को कमजोर नहीं कर सकता। हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को और मजबूत करेंगे। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, कि 14 फरवरी 2019 का दिन हमें उन बहादुर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

## ममता कुलकर्णी का महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा नामंजूर

**महाकुंभ नगर, (एजेंसी)।** फिल्म जगत से अध्यात्म के क्षेत्र में आईं और हाल में किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा देने वाली ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है और वह किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनी रहेंगी।किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर पद पर बने रहने की पुष्टि की।ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो संदेश में कहा, '''महामंडलेश्वर पद से मेरा इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया। मैं आभारी हूं कि



आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने मुझे इस पद पर बनाए रखा। महामंडलेश्वर बनाने के बाद मैंने जो गुरु को भेंट की थी वह छत्र, छड़ी और चंवर के लिए और उसमें से जो पैसा बचा वह भंडारे के लिए था।''इससे पूर्व 10 फरवरी को ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो जारी कर कहा था ''मैं यमाई ममता नंद गिरि अपने पद से इस्तीफा देती हूं। किन्नर अखाड़े और दूसरे संतों के बीच मुझे महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर दिक्कत हो रही है।''

## वर्षों से प्रयागराज के लोगों की दबी हुई भावनाओं को नई दिशा मिलीः आदित्यनाथ

### बीते आठ वर्षों में कुम्भ के जो आयोजन हुए हैं, वह आसानी से हुए हैं

**लखनऊ, (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में जहां महाकुम्भ हो रहा है, वह डिफेंस की भूमि है। बीते आठ वर्षों में कुम्भ के जो आयोजन हुए हैं, वह आसानी से हुए हैं। स्वतंत्र भारत में 1947 से 2017 तक प्रयागराज में जहां श्रद्धालु नहीं पहुंच पाता था, वहां भी श्रद्धालु अब दर्शन करने प्रयागराज में पहुंच रहे हैं। वर्षों से प्रयागराज के लोगों की दबी हुई भावनाओं एवं श्रद्धा को नई दिशा मिली है। 140 करोड़ आबादी में 50 करोड़ के करीब लोगों ने प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगायी है। प्रयागराज में टू लेन को सिक्स लेन से जोड़ने का प्रयास डबल इंजन की सरकार ने किया है।

लखनऊ में विकास नगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित 440 करोड़ के दो फ्लाईओवरों के लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की राजधानी को राजधानी के अनुरूप अत्याधुनिक बनाने और अटल जी के सपने को पूरा करने के लिए मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करता हूं। आज लखनऊ को एक हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास का कार्य दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के कर कमलों से पूरा हुआ है। दोनों केन्द्रीय मंत्रियों का दिल से स्वागत करता हूं। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते है कि प्रयागराज में महाकुम्भ चल रहा है। 13 जनवरी से महाकुम्भ चल रहा है और अभी 14




फरवरी है, एक माह में संगम में डुबकी लगाकर भारतवासी एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देकर गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनाथ सिंह का आभारी हूं, न कि लखनऊ बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास के लिए आपने अपना मार्गदर्शन हमें दिया है। डिफेंस कॉरिडोर को देने का कार्य आपने दिया है। कैपिटल के स्तर पर लखनऊ का विकास हो।

## देश दुनिया

### जल्द सुनवाई की अपील सीजीआई ने की खारिज

## अभद्र टिप्पणी मामला : सुप्रीम कोर्ट पहुंचे रणवीर इलाहाबादिया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** इंडियाज गॉट लेटेंट शो में विवादित टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यूट्यूबर ने तुरंत सुनवाई की मांग की लेकिन सीजीआई ने जल्द तारीख देने से इनकार कर दिया।रणवीर संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका दायर की थी, जिसे शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना के सामने पेश किया गया।

सीजेआई खन्ना ने कहा कि सुनवाई की तारीख पहले ही तय हो चुकी है। उन्होंने इसे तुरंत सुनवाई के लिए स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इलाहाबादिया ने अपने खिलाफ किसी



(विभिन्न राज्यों में दर्ज केस) भी तरह के एक्शन से बचने के लिए ये कदम उठाया है। पॉडकास्टर ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर बलपूर्वक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है।

बता दें कि यह विवाद 8 फरवरी को स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट के एक एपिसोड से जुड़ा है, जो यूट्यूब पर अपलोड हुआ था। इस यूट्यूब चैनल के 7.3 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

इस एपिसोड में रणवीर ने एक कंटेस्टेंट से उनके माता-पिता को लेकर अभद्र सवाल पूछा था, जिसे लेकर काफी विवाद हुआ।

इस बीच, मुंबई की खार पुलिस ने रणवीर इलाहाबादिया को दूसरा समन भेजकर उसे शुक्रवार को पूछताछ के लिए बुलाया है, क्योंकि वह गुरुवार को समय पर पेश नहीं हुए थे।

अब तक पुलिस ने सात लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें मशहूर यूट्यूबर आशीष चंचलानी, कंटेंट क्रिएटर अपूर्वा मखीजा और द हैबिटेट स्टूडियो के मालिक बलराज सिंह घई के पिता भी शामिल हैं।

रैना के शो पर इलाहाबादिया की टिप्पणी के संबंध में साइबर सेल और मुंबई पुलिस अलग-अलग जांच कर रहे हैं। इस मामले में असम पुलिस की एक टीम भी मुंबई में है और उन्होंने महाराष्ट्र साइबर सेल के अधिकारियों से मुलाकात की है।विवाद के बीच समय रैना ने दावा किया कि उन्होंने शो के सभी वीडियो यूट्यूब से हटा दिए हैं।

# इतिहास में याद रखा जाएगा महाकुम्भ, योगी सरकार बधाई की पात्र : देवेन्द

**महाकुम्भ में पुण्य स्नान करने परिवार संग प्रयागराज पहुंचे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस**

**संगम में डुबकी लगाने को बताया दिव्य अनुभूति, कहा- हर सनातनी के दिल में है महाकुम्भ में आने की इच्छा**

**बोले फडणवीस, महाकुम्भ है योगी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि, अचरज में है दुनिया कैसे हो रहा सब मैनेज**

महाकुम्भ नगर। श्रीजी एक्सप्रेस



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को अपने परिवार के साथ पावन तीर्थराज प्रयागराज पहुंचे, जहां उन्होंने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। महाकुम्भ के दिव्य एवं भव्य आयोजन की सराहना करते हुए उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। फडणवीस ने कहा कि इस महान आयोजन को दुनिया के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने योगी सरकार को सफल व्यवस्थाओं के लिए बधाई दी और श्रद्धालुओं की सुख-सुविधाओं के लिए किए गए इंतजामों की प्रशंसा की।

### मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं...

देवेन्द्र फडणवीस ने अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शेयर किया। वहीं मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक क्षण में अपने परिवार के साथ यहां आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 144 वर्षों बाद यह अवसर आया है और मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं कि इस पुण्य पर्व का हिस्सा बन सका। जिस तरह से योगी सरकार ने इस महाआयोजन की व्यवस्थाएं की हैं, उसकी पूरी दुनिया में सराहना हो रही है।

### इस आयोजन को पूरी दुनिया याद रखेगी

फडणवीस ने कहा कि श्रद्धालुओं ने जिस प्रकार यहां डुबकी लगाकर गंगा मइया की आराधना की है, वह देखकर दुनिया अचंभित है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग यहां कैसे आए और उनकी व्यवस्था कैसे संभाली गई। यही हमारी संस्कृति की महानता है कि लोग इसमें सहज रूप से खिंचे चले आते हैं।

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था का जीता-जागता प्रमाण है। हर सनातनी की यह आकांक्षा होती है कि वह गंगा दर्शन कर संगम में स्नान करे। मैं भी इसी भाव से यहां आया हूँ। इस आयोजन को पूरी दुनिया याद रखेगी। बता दें कि महाकुम्भ 2025 के इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने और इसमें शामिल होने के लिए देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं।


# वर्गीकृत विज्ञापन

विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें 01204445274, 9319720113, 9891992737

**आवश्यकता है**
रिसेप्सन, रेस्टोरेन्ट बार में कार्य करने के लिए अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है। हाउस कीपिंग, इलेक्ट्रिशियन, पिलेम्बर व अन्य पदों के लिए। संपर्क करें- 0 8 4 3 5 0 2 2 2 0 7 , 0971186206809617170371
cmn-1308-

**आवश्यकता है**
सर्व हितकारी नर्सिंग होम, गोरबी रोड बरगवां में लैब टेक्निशियन-1 पद, अनुभव प्राप्त को वरियता संपर्क करें- 09425858651, 09691315931
cmn-1308-

**टाटा कैपिटल**
फाइनेंस कंपनी
मार्कशीट-पर्सनल बिजनेस, आधारकार्ड लोन, होम लोन 48 घंटे में घर बैठे पायें 0 परसेंट ब्याज 45 परसेंट छूट
टोल फ्री 18001237765
हेल्पलाइन 9548105112

**कोटपेंट, शेरवानी**
रेडीमेड कोटपेंट, इंडोवेस्टर्न कोटसूट, डिजाईनर, दुल्हा शेरवानी मैरिज कोटपेन्ट, ट्वीडब्लेजर, एडवोकेट कालाकोट, मोदी जैकेट 1650/- से हैवीरेंज तक, मैरिज सूट ब्रांडेड कंपनियों के होलसेल रेट पर फुटकर उपलब्ध- पीपलवाला शॉप, बडाफुहारा, जबलपुर मो- 2610029

**जमीन बेचना है**
ग्राम डगा में बैढ़न-बरगवां मेन रोड रेलवे स्टेशन क्रासिंग के निकट पर स्थित भूमि लगभग 33×150 फिट जिसमें 33×60 में मकान बना है जिसे बेचना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें- 08004833683 09406778743 cmn-1306

**जमीन बेचना है**
उत्तम नगर के संजय एंकलेव में लगभग 33×150 फलैट बिकाऊ है। जिसे बेचना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें- 9319720113,891992730 09406778743
cmn-1306
उत्तम नगर के संजय एंकलेव में लगभग 30×45 फलैट बिकाऊ है। जिसे बेचना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें- 9319720113,891992730

**आवश्यकता**
एक सुपरवाईजर की जो बिल्डिंग कन्सट्रेक्शन इत्यादि कार्य करा सकें।नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास पहाड गंज स्थित एक गैस्ट हाउस में। अनुभवी तथा ईमानदार व्यक्तियों को वरियता। आवदेन करें -vineet.palk@gmail.com

**आयुर्वेदिक प्रोडक्टस कंपनी** को चाहिए भारी संख्या में लड़के एवं लड़कियां अनपढ़ से ग्रेजुएट सैलरी 14900-29500 सिटिंग जॉब डायरेक्ट भर्ती सभी कंपनी सुविधाएं-9643045844

**सेल्स प्रोडक्टस कंपनी** को चाहिए भारी संख्या में लड़के एवं लड़कियां अनपढ़ से ग्रेजुएट सैलरी 14900-29500 सिटिंग जॉब डायरेक्ट भर्ती ।

**रेडीमेड कोटपेंट**
रेडीमेड कोटपेंट, इंडोवेस्टर्न कोटसूट, डिजाईनर, दुल्हा शेरवानी मैरिज कोटपेन्ट, ट्वीडब्लेजर, एडवोकेट कालाकोट, मोदी जैकेट 1650/- से हैवीरेंज तक, उत्तम नगर, मिलन नगर, 110059

**Estate & Properties**
Two bedroom flat on First Floor in IP Extn. Socities New Delhi Available For Sale Area about one 1200 sq. ft.
Contact:abcproperties@gmail.com

**सूचना**
गणित एवं विज्ञापन पढ़ाने हेतु अध्यापकों की महादेवी मैमारियल पब्लिक स्कूल, नई आवादी, नगला अजीता(निकट केंद्रीय कारागार), आगरा।
❐आधारकार्ड प्रोपर्टी, बिजनेस, होम पर्सनल समस्त लोन उचित ब्याज दर पर मो - 7428027411-

**आवश्यकता**
दिल्ली से प्रकाशित **हिन्दी दैनिक श्रीजी एक्सप्रेस** को आवश्यकता है रिपोर्टर, उप संपादक, समाचार संपादक, समस्त भारत में ब्यूरो सहित विज्ञापन प्रतिनिधियों की । इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें- 9673140113,9319720113
Shreejiexpress2013@gmail.com

**सैक्स समस्याएं**

●मर्दाना कमजोरी ●शीघ्रपतन ●धात रोगी ●अंगों का अविकसित होना ●स्वप्नदोष ●शुक्राणु की कमी
नवीन क्लीनिक (दिल्ली) 9811564909, 9210990444

**चेतन क्लीनिक**
24 साल का सफल अनुभव विश्व प्रसिद्ध गुप्त रोग चिकित्सक-9817469817

**ज्योतिष**
हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा इनाम
बाबा फतेह खान बंगाली
प्रेम विवाह, सौतन, दुश्मन, से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन,प्यार में धोखाधड़ी, रुठे को मनाना, संतान या वदिश यात्रा में रुकावट आदि - 9837816161

**ज्योतिष**
घर बैठे 2 घंटे में समाधान

वशीकरण गुठकरनी स्पेलिस्ट हमारे यहां मनचाहा प्यार, प्रेम विवाह , सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति पत्नी में अनबन प्यार में धोखा आदि समस्याओं से निजात पाए -मोबाइल-9927749187
पंडित पी.के. शर्मा

**ज्योतिष**
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरु सिकंदर कलकत्ते वाले
मेरे किये की कोई काट नहीं प्रेम विवाह , सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति पत्नी में अनबन प्यार में धोखा आदि समस्याओं से निराश न हो एक बार फोन जरूर करें- 9997096520

Call us at 09319720113, 09891992737, or Mail us at advtshreejiexpress@gmail.com

**टूर-ट्रेवल्स**
श्याम टूर-ट्रैवल्स
हमारे यहां सभी प्रकार के वाहन उपलब्ध है तथा पुराने वाहनों का मरम्मत आदि का कार्य उत्तम रेट पर किया जाता है।
-सुखविंदर सिंह लवली, विकास मार्केट, लक्ष्मी नगर-011-40154354

**लोन-ही लोन**
पर्सनल लोन, हाऊसिंग लोन, मार्कशीट लोन, अगेंट प्रापर्टी, कृषि लोन, पशुपालन लोन, वेयरहाऊस लोन,एजुकेशनल लोन, क्रेडित कार्ड एवं आईटीआर रिर्टन एवं पैनकार्ड प्रोफाइल हेतु सम्पर्क करें-प्रापर्टी एडवाइजर,34 उत्तम नगर, दिल्ली-

**इंडिका/इंडिगो चाहिए**
अरजेन्ट इण्डिगो इण्डिगा टैक्सी चाहिए। शासकीय कार्यालय प्रायोजन हेतु इण्डिका-18,000/- प्रतिमाह एवं इण्डिगो 20,000/- प्रतिमाह की दर से देय होगा।

**ऑफिस फर्नीचर की सम्पूर्ण रेंज प्राप्त करने का एक मात्र स्थान**

ऑफिस टेबल, ऑफिस चेयर, रिवोल्विंग चेयर, कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस अलमारी, रेक, बुक सेल्फ आदि उचित रेट पर उपलब्ध।
पता : मंगल फर्नीचर एण्ड इलेक्ट्रोनिक्स, उत्तम नगर


**वैधानिक सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि इस समाचार पत्र में मुद्रित होने वाले किसी भी विज्ञापन पर आपत्ति करने व कानूनी कार्रवाई से पहले विज्ञापन में दी गई शर्तों व नियमों, दावों और सेवा के बारे में पूरी तरह से जानकारी हासिल कर जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विषय में विज्ञापन दाता द्वारा दिए गए दावों का उल्लेख करता है न ही पुष्टि करता है न ही उसके पक्ष में हैं। किसी भी विज्ञापन के संबंध में विज्ञापन दाता उत्तरदायी होगा न कि समाचार पत्र। पूर्व में विज्ञापन के संबंध में दिए गए मोबाइल नं पर सम्पर्क कर अपना समाधान स्वयं करें। समाचार प्रबंधन किसी भी बात के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। विज्ञापन प्रबंधक

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-2-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-1-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-4-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-5-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 3442



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 3441 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

एक कंजूस अपने खेत में जा रहा था. अचानक उसे कांटा चुभ गया. वह बड़ी बहादुरी से कांटा निकालते हुए बोला, 'ईश्वर तेरा लाख-लाख धन्यवाद है कि मैं जूते पहनकर नहीं आया वरना मेरे अच्छे जूते में सूराख हो जाता.'

❐ ❐ ❐

एक किरायेदार ने मकान मालिक से शिकायत की कि 'जनाब ये आपका मकान कैसा है ? दिन-रात चूहों की भागदौड़ देखने को मिलती है.'

मकान मालिक ने कहा- 'तो क्या आप दस रुपये में घुड़दौड़ देखना चाहते हैं ?'

❐ ❐ ❐

मालकिन: कितनी बार कहा है कि सुबह छह बजे दूध दिया करो.

दूधवाला: हम छह बजे दूध नहीं ला सकते. छह बजे नल में पानी भी नहीं आता.

❐ ❐ ❐

एक साहब को खाने के बाद उंगलियां चाटने की आदत थी. एक बार एक दावत में उन्होंने उंगलियां चाटनी शुरू कर दीं, बाजू वाले साहब ने भी अपना हाथ आगे करके कहा-जरा इसे भी साफ कर दो.

❐ ❐ ❐

जज जेबकतरे से-अच्छा बताओ तुमने भलाई का कोई काम किया ?

जेबकतरे ने जवाब दिया-सर, हमीं लोगों के कारण पुलिस विभाग और अदालत में हजारों लोगों को राजी-रोटी का सहारा मिला है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3442



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगू ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3441**



## सूडोकु -3442

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3441 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 3442



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

**शब्द पहेली -3441 का हल**



# महिलाओं से दोस्ती कर अश्लील मांगने वाला युवक गिरफ्तार

**हाथरस।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा सोशल मीडिया साइट्स/एप्प के माध्यम से महिलाओं को टारगेट बनाकर उनके पांवो की फोटोज मंगाना व उनको विभिन्न तरीके से परेशान करने वाले 1युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार युवक के मोबाइल पर करीब 1000 फोटो महिलाओं के पांवो की मिलीं है और युवक महिलाओं के पैरो की फोटो देखने का आदी है। पुलिस के मुताबिक गत 1 फरवरी को एक महिला द्वारा साइबर क्राइम थाना पर सूचना दी गयी कि 24 अक्टूबर 2024 को एक व्यक्ति द्वारा उसको स्नैप चैट पर फ्रेन्ड रिक्वैस्ट भेजी गयी, जिसको उनके द्वारा एक्सेप्ट कर लिया गया । उसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा स्नैप चैट पर उक्त महिला से चैटिंग शुरु कर दी गयी और कुछ दिनो की चैटिंग के बाद उक्त व्यक्ति उस महिला को अश्लील कमेंट भेजने लगा और उसके पांवो की फोटो मांगने लगा और फोटो के एवज में पैसे देने की बात करने लगा और पांवो की फोटो न देने पर चैट को सार्वजनिक कर बदनाम करने की धमकी देने लगा । उक्त सूचना के आधार




पर थाना साइबर क्राइम पर तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया । उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त अभियोग मे नामजद युवक की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम को निर्देशित किया गया । जिसके क्रम मे आज थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा टेक्नीकल इंटेलीजेन्स के माध्यम से ट्रैस कर आरोपी युवक दीपक शर्मा को रुहेरी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है । पुलिस के मुताबिक महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि आरोपी दीपक शर्मा के अन्दर महिलाओं के पांवो की फोटो देखने का मनोविकार है । उक्त व्यक्ति द्वारा ऑफलाईन और ऑनलाइल सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं से मित्रता कर पांवो की फोटो की माँग करता है और पांवो की फोटो न देने पर धमकी भी देता है । आरोपी के फोन में भिन्न भिन्न महिलाओं के करीब 1000 फोटो पांवो के पाये गये है । यहां तक की जानकारी हुई है कि महिलाओं के पैरो के फोटो लेने के लिये उनको पैसे भी देता रहा है । वादिया द्वारा भी बताया गया कि कई बार आरोपी उपरोक्त द्वारा रूपयों का ऑफर किया गया है । गिरफ्तार आरोपी युवक दीपक शर्मा पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी भानौली थाना लोधा जनपद अलीगढ है । गिऱफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीमती विपिन चौधरी मय टीम थाना साइबर क्राइम शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व अध्यक्ष और सचिव बार सदस्यता से स्थाई रूप से निष्कासित



**मथुरा(श्रीजी एक्सप्रेस)।** बार एसोसिएशन में हुये 1.87 करोड़ के गबन का मामला आज एक बार फिर आम सभा में जोरदारी से उठा जिसके बाद कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मदनगोपाल सिंह और पूर्व सचिव गोपाल गौतम को बार की सदस्यता से स्थाई रूप से निष्कासित करने का फैसला लिया गया। इन दोनों की सदस्यता रद्द करने के लिए बार काउंसिल उत्तर प्रदेश व बार काउंसिल आफ इंडिया को पत्र लिखा जाएगा। गबन को लेकर दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा और सात दिन में इन्होंने अगर गबन का रूपया जमा नहीं किया तो दीवानी न्यायालय में दावा प्रस्तुत करते हुये रिकवरी कराई जायेगी। आज इस संबंध में बार एसोसिएशन के हॉल में आम सभा आयोजित की गयी जिसमें अध्यक्ष प्रदीप शर्मा और सचिव शिवकुमार लवानियां के अलावा बार एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी और गणमान्य अधिवक्ता मौजूद रहे। उन्हीं के सामने यह फैसला सुनाया गया। बार सचिव ने इस संबंध में बताया कि गबन के इस मामले को लेकर पूर्व कोषाध्यक्ष ब्रजेश गौतम ने प्रार्थनापत्र दिया था। दोनों पूर्व पदाधिकारियों ने कोई हिसाब नहीं दिया था, जिसको लेकर कोषाध्यक्ष ने धरना भी दिया और विरोध जताया। बार एसोसिएशन द्वारा इस मामले को लेकर पांच सदस्यीय जांच समिति बनाई थी जिसने हैदराबाद तक मामले की जांच की और गबन के इस मामले का बारीकी से अवलोकन किया, जिसमें पाया गया कि पूर्व अध्यक्ष और सचिव ने 1 करोड़ 87 लाख रुपए का गबन किया है।

### एडीजी सुरक्षा ने ली श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह की सुरक्षा की जानकारी




**मथुरा(श्रीजी एक्सप्रेस)।** श्रीकृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर होने वाली त्रैमासिक समीक्षा बैठक आज पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा रघुवीर लाल ने श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की इसके साथ सुरक्षा में लगे अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये। मथुरा पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली मीटिंग करने पहुंचे एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल और एडीजी आगरा जॉन अनुपमा कुलश्रेष्ठ को मथुरा पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया इसके बाद सभागार में अधिकारी पहुंचे, वहां एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने उपस्थित अधिकारियों से परिचय लिया।मीटिंग में एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा के विषय में जानकारी ली, जिस पर डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा 3 जोन में बांटी गई है, जिसमें रैड जोन में श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह है, इसके अलावा यलो जोन में बाहरी इलाका है अन्य क्षेत्र को ग्रीन जोन में बांटा गया है। करीब डेढ घंटे चली बैठक में एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए, मीटिंग के बाद बाहर आए डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई है, बैठक में पूर्व के एजेंडे पर वार्ता की गई थी कुछ नए प्रस्ताव रखे गए उन पर भी विचार किया गया, श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे सुदृढ़ किया जाए, भीड़ को नियंत्रण किस प्रकार किया जाय और आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर अनुभव लेकर यहां से जाय इन सब मुद्दों पर चर्चा आधारित रही। बैठक में एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल के साथ एडीजी जोन आगरा अनुपमा कुलश्रेष्ठ, एडीजी आईवी, पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार, डीआईजी सीआरपीएफ, जिलाधिकारी सी पी सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडे, एसपी सुरक्षा बजरंग बलि, एसपी सिटी डॉ अरविंद कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### जांच में जीवित मिला सुखराम



**मथुरा(श्रीजी एक्सप्रेस)।** ग्राम फैचरी निवासी सुखराम पुत्र छिद्दा की कृषि भूमि मौजा सकना की गाटा संख्या 170 मि0 रकवा 3.7840 हे0 पर दर्ज सहखातेदार की गलत वरासत क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दर्ज कर दी गई थी। सुखराम पुत्र छिद्दा द्वारा तहसील में आकर शिकायत की गई थी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायत की जांच तहसीलदार सदर को सौंपी गई। जांच तहसीलदार सदर द्वारा की गई। जांच में सुखराम पुत्र छिद्दा जीवित पाए गए। सुखराम पुत्र छिद्दा की गलत विरासत करने के दोषी लेखपाल रितेश के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्थित की गई तथा प्राथमिकी दर्ज करने हेतु नोटिस दिया गया। तहसीलदार द्वारा अपने न्यायालय से त्रुटिपूर्ण विरासत को निरस्त कर पुन- सुखराम पुत्र छिद्दा का नाम यथावत दर्ज करने का आदेश पारित कर खतौनी में दर्ज कराकर खतौनी सुखराम को प्रदान की गई।

### भाकियू संगठन मंत्री पर जानलेवा हमला

**(हाथरस(श्रीजी एक्सप्रेस)।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के संगठन मंत्री संजीव कुमार उर्फ भोला सूर्यवंशी पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला किया। जिसकी शिकायत पीडित ने कोतवाली में की है। शुक्रवार को कोतवाली में तहरीर देते हुए पीड़ित ने कहा है कि वह गांव जहरू नगला निवासी भोला सूर्यवंशी पुत्र सूरजपाल सिंह भारतीय किसान यूनियन का संगठन मंत्री है। जो बुधवार को अपनी बुलेट बाइक की सासनी ऐजेंसी पर सर्विस कराने के बाद अपने घर गांव नगला जहरू जा रहा था। जेसे ही वह गांव नगला ताल के आगे दाऊ बाबा कोल्ड स्टोरेज के निकट पहुंचा तो अज्ञात लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। जिससे वह बाल-बाल बचा और हडवडाहट में वह बाइक तेजी से लेकर भागा इस घबराहट में घटनास्थल से करीब डेढ किमी की दूरी पर गोपालपुर मंदिर के निकट खडी बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उसे पैर में काफी चोट आई। हमलावर गांव को निकट देखकर भाग गये। पीडित ने पुलिस से हमलावरों को पकडकर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। घायल भाकियू संगठन मंत्री का उपचार पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराते हुए घायल का बयान भी दर्ज किया है ।

## अस्त्र शस्त्र विक्रेता संघ ने कलेक्ट्रेट संघ अध्यक्ष का किया स्वागत

**हाथरस।**अस्त्र शस्त्र विक्रेता संघ द्वारा आज जिला कलेक्ट्रेट पर जिला कलेक्ट्रेट संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं हाल ही आयुध विभाग का पदभार ग्रहण करने पर राजकुमार व्यास का भव्य स्वागत किया गया।अस्त्र शस्त्र विक्रेता संघ द्वारा राजकुमार व्यास को दुपट्टा पहनाकर व फूलों का गुलदस्ता भेंट कर व मिष्ठान खिलाकर उन्हें नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दी गई । इस अवसर अस्त्र शस्त्र विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष उद्धव कृष्ण शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण बिहारी शर्मा, गगन परासर, संजीव परासर, महाराज सिंह, मनोज कुशवाहा, यूसुफ अली बेग आदि शस्त्र व्यवसाई उपस्थित थे।

## राज्य महिला आयोग अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत



**हाथरस।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौहान के आज प्रथम बार हाथरस आगमन पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर भाजपा नेताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौहान के आज प्रथम बार हाथरस आगमन पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष गौरव आर्य और विष्णु बघेल जिला मंत्री ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौहान द्वारा उनसे विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

## उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया महिला चिकित्सालय का निरीक्षण



**हाथरस।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान द्वारा महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया, महिला अस्पताल में व्याप्त गंभीर समस्याओं और डॉक्टर अपर्याप्त होने की दशा में नाराजगी व्यक्त की गयी साथ ही निर्देश दिये कि जल्द से जल्द डॉक्टर की नियुक्तियां करायी जायें अगर जरूरत पड़े तो एक प्रस्ताव दे दें और मैं मुख्यमंत्री जी के समक्ष स्वास्थ्य विभाग की बात रखेंगे। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदया द्वारा कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण किया गया जहॉ बच्चों की पढ़ाई से, उनकी शिक्षा की गुणवत्ता से संतुष्ट हुई। बच्चों से बात की उनसे साक्षात्कार किया, बच्चों ने अपनी महत्वाकांक्षाओं के बारे में बताया कि वह आगे इंजीनियर व डॉक्टर बनना चाह रही है, पुलिस विभाग में जाना चाहती हैं और शिक्षक बनना चाहती हैं, इसके अतिरिक्त बच्चों से सूर्य नमस्कार के बारे में पूछा कि उसके कितने स्टेप होते हैं बच्चों ने बताया और रोज सुबह बच्चे योग करते हैं और इसके अतिरिक्त महोदया जी द्वारा बच्चों के हॉस्टल का निरीक्षण किया वहां पर पानी भी था और पीने के लिए आरो भी लगा हुआ था साथ ही गीजर भी था। वहां साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था थी फिर इसके बाद महोदया जी द्वारा वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया वन स्टॉप सेंटर में किस प्रकार के प्रकरण आते हैं के बारे में जानकारी की गई तो सेंटर मैनेजर ने बताया कि डोमेस्टिक वायलेंस और रनवे के केस अधिकतर आते हैं पॉक्सो के केसे भी आते हैं। वहॉ किचन की व्यवस्था देखी साफ सफाई अच्छी थी जिससे महोदया संतुष्ट हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाती भारती, जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय, नायब तहसीलदार प्रतिक्षा कटारा, संरक्षण अधिकारी विमल कुमार शर्मा, वन स्टॉप सेन्टर की प्रबन्धक मनीषा भारद्वाज, केस वर्कर फारिहा नौशी, आउटरीच कार्यकर्ता कैलाश चद्र व बंटी, मोहित कुमार आदि रहे।

## देर शाम एसडीम का सीएचसी पर औचक निरीक्षण



**हाथरस।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बृहस्पतिवार की देर शाम एसडीएम प्रज्ञा यादव ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों को दूर करने हेतु मौजूद कर्मचारियों और चिकित्सकों को निर्देशित किया। गुरूवार की देर शाम एसडीएम के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य केंद्र में खलबली मच गई देर शाम करीब साढे ग्यारह बजे किए गये निरीक्षण में कई खामियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल का वार्ड बॉय अनुपस्थित पाया गया, जिससे मरीजों की देखभाल प्रभावित हो रही थी। एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया, जिसमें इमरजेंसी वार्ड, दवाओं का रखरखाव, मिनी एनआईसी केंद्र और जच्चा-बच्चा केंद्र शामिल थे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने प्रसूता महिलाओं से भी मुलाकात की और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा हुई तो कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने निर्देश दिया कि मरीजों की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एसडीएम प्रज्ञा यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरिक्षण करती हुई

### दिनदहाड़े दुकान से गल्ला उठा ले गए अज्ञात बाइक सवार चोर, सीसीटीवी में कैद

**हाथरस।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच- 93 स्थित गंदे नाले के निकट एक अनाज की दुकान से अज्ञात चोर दुकान का शटर दुकान का शटर खोलकर अनाज व्यापारी का गल्ला उठा ले गए, पीडित ने घटना की शिकायत कोतवाली में पुलिस से की है। शुक्रवार को कोतवाली सासनी में तहरीर देते हुए मुहल्ला अग्रवाल निवासी कन्हैया पुत्र रेवती प्रसाद ने कहा है कि उसकी आगरा अलीगढ राष्ट्रीय राजमार्ग गंदा नाला स्थित शनि देव मंदिर के निकट अनाज की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। शुक्रवार की दोपहर वह दुकान का शटर गिराकर अपने बच्चों की स्कूल से लेने गया था। तभी मौका पाकर अज्ञात चोर उसकी दुकान का शटर उठाकर दुकान में रखा गल्ला उठाकर ले गये। जब वह वापस अपनी दुकान पर आया और शटर खोला तो उसको अपना गल्ला गायब मिला। पडौसी दुकानादों से जानकारी लेने पर पता चला कि बाइक पर सवार दो युवक आए और गल्ला लेकर फरार हो गए। पीडित ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों को तलाश किया मगर कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं बाइक सवार चोरों की पुटेज गल्ला ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीडित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच करते हुए सीसीटीवी कैमरो की पुटेज खंगाल रही है।

## इनरव्हील क्लब ने टीबी मरीजों को बांटी पोषाहार किट

**हाथरस।** इनरव्हील क्लब हाथरस जागृति द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत टीबी के मरीजों को पोषाहार किट वितरित की गई। टीवी के मरीजों का अन्य मरीजों की अपेक्षा इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, इसलिए उनको पोषाहार किट में सोयाबीन ,चना ,बादाम, दलिया, गुड़, फल आदि वितरित किए गए।अध्यक्ष सीमा वार्ष्णेय ने बताया कि पौष्टिक आहार के सेवन से मरीजों का स्वास्थ्य अच्छा हो सकेगा। साथ ही उन्हें धूम्रपान ,नशा और शराब से बचने की सलाह दी गई । स्वच्छता के साथ-साथ खान पान पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही । इस मौके पर अध्यक्ष सीमा वार्ष्णेय, सचिव नम्रता वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय और सविता अग्रवाल उपस्थिति थीं।

## एडीएचआर के शिविर में रक्तदानियों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

**हाथरस।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के तत्वावधान में पुलवामा में शहीद सैनिकों को समर्पित एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदान जीवन दान के साथ-साथ जीवन सुरक्षा की महिम चलाई गई। एडीएचआर के शिविर में रक्तदानियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय व जिला अध्यक्ष डॉ.पी.पी. सिंह ने बताया कि आज का शिविर पुलवामा में शहीद सैनिकों को समर्पित है 90 रक्तदानियों ने रक्तदान कर दूसरों को जीवन बचाने के लिए अपने अपने दायित्वों को निर्वहन किया । राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेन्द्र गोयल,कमलकांत दोबराबाल, उपवेश कौशिक, अमित गर्ग, डॉ पी पी सिंह, शैलेन्द्र साँवलिया, मुरारी चौधरी, राजेश वार्ष्णेय, अनिल अग्रवाल, रवि कुमार गुप्ता, केशव लाल अरोरा, नवीन गुप्ता, चंदन वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, आदि सभी का सराहनीय सहयोग रहा ।

## मुठभेड़ के दौरान दो शातिरों को पुलिस ने दबोचा

**मथुरा।** बंद मकानों, घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। इनसे चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। महावन थाना प्रभारी निरीक्षक डेजी पवार ने बताया कि गत रात को पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी करने वाले घूम रहे हैं। सूचना पर वह अपनी टीम के साथ ग्राम मनोहरपुर के पास बरेली हाईवे अंडरपास के नजदीक पहुंच गई और चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर में एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस को देख चालक ने ऑटो भगा दिया। पीछा करने पर ऑटो सवार चोरों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड के दौरान मनोज जोगी पुत्र ओमप्रकाश (गैंगस्टर) निवासी ग्राम बसेरा अलीगढ हाल निवासी दामोदरपुरा सदर बाजार मथुरा और श्याम पुत्र पप्पू निवासी नारयणपुरी धौलीप्याऊ को गिरफ्तार किया है। मनोज के पैर में गोली लगी है जिसके जिला अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया है। इनके पास से अवैध असलाह, कारतूस, अलग अलग स्थानो से चोरी किये गये माल व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार दोनों शातिर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध जनपद के अलग अलग थानो में चोरी, नकबजनी जैसे कई मुकदमें दर्ज हैं। ये ऑटो से अलग अलग स्थानो पर घूम कर बन्द घरों और दुकानो की रैकी करते हैं फिर मौका पाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि बंद पड़े मकानों के बारे में जानकारी करते हैं। रेकी के बाद जब उन्हें यकीन हो जाता कि मकान कई दिन से बंद है तो रात में उसका ताला तोड़कर चोरी कर लेते हैं।

# बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम अम्हेड़ा स्थित सरदार भगत सिंह अमृत सरोवर विकासखंड कार्यालय

**नूरपुर। श्रीजी एक्सप्रेस**

महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित टीएचआर यूनिट मां सुनैना प्रेरणा महिला माइक्रो एंटरप्राइजेज हजरतगंज नूरपुर जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय धौलागढ़ नूरपुर में निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नूरपुर में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास के संचालित निर्माण कार्यों का विस्तृत रूप से निरीक्षण कियग्र इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञानेश्वर तिवारी जिला विकास अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डीसी एनआरएलएम डीसी मनरेगा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा सर्वप्रथम ग्राम अम्हेड़ा स्थित सरदार भगत सिंह अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अमृत सरोवर के पानी को साफ रखें और इसमें नौका प्रशिक्षण का कार्य भी नियमित रूप से संचालित रखें। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर के आसपास बने घरों का पानी किसी भी अवस्था उक्त तालाब में नहीं आना चाहिए] इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए और नियमित रूप से इसकी सफाई कराते रहें। उसके बाद उन्होंने सरोवर के पास ही कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया और वहां पढ़ रहे बच्चों से गणित तथा अन्य विषयों के प्रश्न पूछे जिनका बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया। उन्होंने कंप्यूटर लैब में एक छात्रा से कंप्यूटर ऑपरेट कराया, छात्रा द्वारा पूरी दक्षता के साथ कंप्यूटर




को संचालित किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में संचालित एस्ट्रोनॉमी लैब और लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया।

जहां सब व्यवस्थित रूप से सही पाया गया। उन्होंने स्कूल में स्कूली छात्राओं को वितरित होने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता को परखने के लिए स्वयं भोजन को चक्कर देखा और भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। तदुपरांत जिलाधिकारी द्वारा नूरपुर खंड विकास कार्यालय का विस्तृत ऱ्प से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई और अभिलेखों का रखरखाव भी सुव्यवस्थित रूप से किया जाना प्रकाश में आया तथा कार्यालय एवं कार्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त पाई गई। उसके बाद उनके द्वारा टीएचआर यूनिट मां सुनैना प्रेरणा महिला माइक्रो एंटरप्राइजेज हजरतगंज नूरपुर का निरीक्षण किया गया और वहां उत्पादित होने वाली चीजों की गुणवत्ता की जांच की। इस अवसर पर महिला ग्रुप की सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी को हैंडीक्राफ्ट का उत्पादन घड़ी देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय धोलागढ़ नूरपुर में निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया जिसे कार्यदाई संस्था सिडको को द्वारा बनाया जा रहा है तथा नूरपुर ही में कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय के निर्माणाधीन एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया जिसका निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का तकनीकी अधिकारी से तथा निरीक्षण कराएं तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अंतर्गत निर्मित होने वाले एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास के निर्माण कार्यों की जांच के लिए तकनीकी कमेटी का गठन कर निर्माण सामग्री एवं कार्य की गुणवत्ता की जांच कराना। उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाना सुरक्षित करें और निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमित प्रकाश में नहीं आनी चाहिए।

## बाइक सवार मां बेटा को अज्ञात वाहन ने रौंदा- मां की मौत

**सादाबाद ।** कोतवाली क्षेत्र के आगरा-अलीगढ़ राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घटना से मृतका के परिवार में भारी कोहराम मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई।बताया जाता है जनपद आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र के गांव मलूपुर निवासी श्रीमती सुमन देवी पत्नी लखन सिंह आज जब अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव से सादाबाद की ओर जा रही थीं। और तभी रास्ते में ईडन गार्डन होटल के सामने पहुंचते ही पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में सुमन देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। हादसे में उनका पुत्र बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात को सुचारू कराया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## पति के कुल्हाड़ी से हमले में घायल महिला की मौतः कोहराम

**सहपऊ ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भुकलारा में पति द्वारा कुल्हाड़ी से प्रहार कर अपनी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर देने के बाद आज घायल महिला की आगरा में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है और पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है।बताते हैं कोतवाली क्षेत्र के गांव भुकलारा निवासी जीतू और प्रीति की शादी करीब ढाई साल पहले हुई थी। शादी के बाद प्रीति का पड़ोसी पंकज से प्रेम संबंध हो गया। चार महीने पहले प्रीति पंकज के साथ भाग गई थी। पंकज के परिवार के लोगों के मुताबिक दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। बताते हैं करीब डेढ़ महीने पहले प्रीति पंकज के साथ वापस गांव लौट आई और उसी के साथ रहने लगी। कल जब जीतू को मौका मिला तो उसने प्रीति पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसकी गर्दन पर गंभीर चोट आई। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायल प्रीति को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया

# आम आदमी पार्टी की हार के मायने

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

दिल्ली में अंततः आम आदमी पार्टी का दुर्ग ध्वस्त हो गया। यह भी कहा जा सकता है कि उसका शीशमहल टूट गया। आम आदमी पार्टी, जिसे बाद में केवल 'आप' से संबोधित किया जाने लगा था, का जन्म 2014 के उस संक्रमण काल में से हुआ था जब देशी-विदेशी शक्तियों को लगभग यह निश्चय हो गया था कि अब सोनिया गान्धी के प्रत्यक्ष-परोक्ष नेतृत्व को किसी भी तरह भारत की सत्ता के शिखर पर बिठाए रखना संभव नहीं है। उस समय यह आभास भी होने लगा था कि कांग्रेस के पतन से हुए शून्य को भारतीय जनता पार्टी भर सकती है। भारतीय जनता पार्टी के सत्ता के शिखर पर पहुंचने की सम्भावना को केवल सत्ता हस्तांतरण ही नहीं कहा जा सकता था। यह भारत में एक नए वैचारिक मंथन का उदय भी हो सकता था। कांग्रेस के अवसान से उत्पन्न होने वाले शून्य को कम्युनिस्ट शक्तियां भरने में सक्षम होतीं तो शायद इतना हंगामा होने की सम्भावना न होती, परन्तु भाजपा के आने का अर्थ तो स्पष्ट ही भारत का अपनी जड़ों की तलाश की ओर अग्रसर होना था। सभ्यताओं के संघर्ष में यह नया पक्ष किसी को भी सूट नहीं करता था। इसलिए जल्दी और हड़बड़ाहट में सीजेरियन आप्रेशन से आम आदमी पार्टी का जन्म करवाया गया। सबसे बड़ी होशियारी यह थी कि सुदूर महाराष्ट्र से अन्ना हजारे को किसी तरह दिल्ली में बुला लिया गया। उनके व्यक्तित्व का हर तरीके से लाभ उठाने की यह छलभरी रणनीति थी। आज तक इसके लिए अन्ना हजारे पछता रहे हैं। अपने साथ हुए इस छल का धक्का इतना गहरा था कि अन्ना हजारे आज दिल्ली विधानसभा के चुनाव में 'आप' की पराजय पर अपने हर्ष को रोक नहीं पाए। आम आदमी पार्टी को भारत की राजनीति में लाने वाली देशी-विदेशी शक्तियां कौन थीं, इसको लेकर आज भी बहस होती रहती है।

अमेरिका के किस फाऊंडेशन ने एनजीओ बनाने में कितना पैसा दिया, इसको लेकर जितने मुंह उतनी बातें। इसी एनजीओ के पेट से आपात स्थिति देख कर आम आदमी पार्टी का जन्म करवाया गया था। जाहिर है इस प्रकार के सीजेरियन पद्धति से जन्मी पार्टी की सत्ता हथियाने के सिवा कोई विचारधारा हो ही नहीं सकती थी। तभी यह कहा जाता है कि आम आदमी पार्टी पहली ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो सार्वजनिक रूप से कहती है कि उसकी कोई विचारधारा नहीं है। लेकिन हैरानी की बात है कि बिना किसी विचारधारा और संगठन के बावजूद यह पार्टी दिल्ली की सत्ता पर दस साल तक कैसे टिकी रही। उसका मुख्य कारण था अन्ना हजारे के कारण बनी आम आदमी पार्टी की छवि। बदलाव की राजनीति की टोपी, गले में मफलर, दुख की खांसी इत्यादि सभी ने मिल कर ऐसा जबरदस्त काकटेल तैयार किया कि उसके बलबूते दिल्ली तो क्या, अकाली दल और कांग्रेस से त्रस्त पंजाब के लोग भी गच्चा खा गए। सत्ता में एक बार तो आया जा सकता है, लेकिन जिस छवि के सहारे लोगों को भ्रमित किया गया था, उस कृत्रिम छवि को लंबी दूरी तक बनाए रखना तो इतना आसान नहीं होता। रंग कच्चा हो तो पहली ही बरसात में उतरने लगता है। महत्वाकांक्षाएं योग्यता से भी बड़ी हों तो उसे देशी-विदेशी धन से पूरा करने की तमन्ना जागृत होती है। इसी में से दिल्ली का शराब घोटाला निकला जिसने गरीबों को 'दारू की एक बोतल के साथ एक मुफ्त में' का लालच देकर सामाजिक व पारिवारिक वातावरण दूषित किया। लेकिन दारू के इस पैसे से केजरीवाल ने अपनी राजनीति और महत्वाकांक्षा के पंख पसारने के प्रयास किए। लेकिन काले धन के पंखों पर भला छोटा शरीर कितना उड़ पाता? अलबत्ता दारू की फुहारें पार्टी पर इस कदर पड़ीं कि उसकी बदबू ने आधी पार्टी केजरीवाल समेत जेल में पहुंचा दी। परंतु केजरीवाल केवल शराब घोटाले के फ्रंट पर ही तो सक्रिय थे। अपने ही साथियों पर आतंक जमाने के लिए उन्होंने दिल्ली सरकार के पैसे से करोड़ों रुपए खर्च करके उससे शीशमहल बना लिया। उसमें अपने ही लोगों की पिटाई के नए अध्याय की शुरुआत करके राजनीति का रुख बदलने की घोषणा की। स्वाति मालीवाल साहसी लड़की थी। उसने शीशमहल में हुई अपनी पिटाई का शोर ही नहीं मचा दिया, बल्कि थाने में जाकर रपट भी लिखा दी। यदि वे ऐसा न करतीं तो न जाने पिटाई के माध्यम से राजनीति का विस्तार और नियंत्रण करने का यह नया प्रयोग कितनी देर तक चलता रहता। जहां तक दिल्ली में कामकाज का सवाल था, उसके लिए जमीन की बजाय सोशल मीडिया से ही काम चलाया गया। यही कारण था कि केजरीवाल सरकार का कामकाज सोशल मीडिया पर तो बाकायदा दिखता था।

# संपादकीय

## मुफ्तखोरी पर 'सुप्रीम' नाराजगी

सर्वोच्च अदालत ने मुफ्तखोरी और रेवड़ियों पर चिंता के साथ-साथ नाराजगी भी जताई है। मुफ्त सुविधाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। खेतों में मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। बिना काम किए नकदी पैसे मिल रहे हैं। मुफ्त पेंशन बांटी जा रही हैं। कई मुफ्त योजनाओं की घोषणाएं कर सुविधाएं दी जा रही हैं। ऐसे में जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने एक आशंकित सवाल किया है कि क्या हम परजीवियों का एक वर्ग तो नहीं बना रहे हैं? राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय हम उन्हें नकारा बना रहे हैं। मुफ्तखोरी और रेवड़ियों का देश के खजाने पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। देश और राज्यों पर कर्ज के बोझ असहनीय होते जा रहे हैं। बजट में कटौतियां कर सरकारें रेवड़ियां परोसने को विवश हैं, क्योंकि अब यही राजनीति हो गई है। सवाल यह भी है कि इन लोगों को विकास में योगदान देने के अवसर क्यों न दिए जाएं? यह कर्ज का बोझ है अथवा मुफ्तखोरी बांटने का असर है कि 2025-26 के राष्ट्रीय बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, कृषि, समाज कल्याण, प्रधानमंत्री आवास योजना, फसल बीमा योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मुफ्त अनाज योजना आदि के बजट में कटौतियां करनी पड़ी हैं। देश पर 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मोटा हिस्सा कर्ज और उसका ब्याज चुकाने में खर्च करना पड़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक भी इस मुद्दे पर चिंता और सरोकार जताते हुए कह चुका है कि जीडीपी के 20 फीसदी से ज्यादा कर्ज लेना ठीक नहीं है। हाल ही में महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुए हैं। दोनों चुनावों में मुफ्तखोरी और रेवड़ियों की जमकर बोलियां लगाई गईं। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद भाजपा सत्ता में लौटी है। अभी सरकार का गठन होना है, लेकिन अनुमान सामने आ रहे हैं कि मुफ्तखोरी की योजनाओं को लागू करने के लिए कमोबेश 25, 000 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली का कुल बजट 76, 000 करोड़ रुपए का है। उसमें से करीब 62-64 हजार करोड़ रुपए वेतन, भत्तों, पेंशन आदि पर खर्च हो जाते हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए करीब 6000 करोड़ रुपए ही शेष बचते हैं। तो नए खर्चों के लिए 25, 000 करोड़ रुपए कहां से आएंगे? महाराष्ट्र में 1 लाख करोड़ रुपए की बजट में कटौती का खतरा आसन्न है। मुफ्त योजनाओं को मिला कर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हो सकता है। राज्य पर कर्ज 7.11 लाख करोड़ रुपए का है। शिव भोजन थाली, तीर्थ यात्रा, आनंद सिद्धा आदि योजनाएं या तो बंद करनी पड़ी हैं अथवा बंद होने के कगार पर हैं। जिस 'लाडकी बहिन' योजना के बल पर भाजपा-महायुति की सरकार बरकरार रही है, उस योजना के वर्गीकरण पर पुनर्विचार किया जा रहा है, क्योंकि इस योजना पर 46, 000 करोड़ रुपए अनुमानित खर्च है। जाहिर है कि कई महिलाओं की नकदी पर गाज गिरना तय है। ठेकेदार अपने काम के भुगतान मांगने को कपड़े फाड़ रहे हैं, लेकिन लगातार घाटों के कारण सरकार की सांसें फूली हैं। ऐसे फलितार्थ लगभग सभी राज्यों में सामने आ रहे हैं। बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने नाराज टिप्पणी की है, कोई फैसला नहीं सुनाया है, लेकिन मुफ्तखोरी और रेवड़ियां बांटना अब भारतीय राजनीति का अंतरंग हिस्सा बन गया है। रेवड़ियां बांट कर राजनीतिक दल चुनाव जीत रहे हैं और सत्ता में आ रहे हैं। ये राजनीतिक दल मुफ्तखोरी को 'कल्याणकारी' मानते हैं और गरीब जनता के प्रति सरकार का दायित्व भी मान रहे हैं। ऐसे में शीर्ष अदालत के दो न्यायाधीश कोई फटकार जैसी नाराजगी जताएं, तो उसके कोई खास मायने नहीं हैं। बहरहाल रेवड़ियों को परिभाषित नहीं किया जा सका। इस पर चिंतन होना चाहिए।

# अमृत पाने की लालसा और अत्याचार की हद

**आज लोग महाकुम्भ 25 में इस तरह ट्रेन से जा रहें हैं कि जिनका सही में सीट है उनको जबरदस्ती लाठी डंडा के बल पर बाहर निकाल रहे हैं बोलने पर पिट देते हैं वो महाकुम्भ 25 में जाकर गंगा को अपवित्र ही करेंगे और गंगा जब मैली हुई तो उसमें डुबकी लगाने से आप भी पवित्र नहीं हो सकते अतः जो लोग नहीं गए हैं वहीँ असल में राम भक्त यदि उसमें डुबकी भी लगा लें तो पुण्य नहीं मिलेगा हैं क्योंकि उन्होंने त्याग किया जो उपद्रब कर जा रहें हैं उन्हें लगता है सांसारिक चीजों से कोई प्रेरणा नहीं मिली है, क्योंकि श्रद्धालू लोगों को उसके साथ कितना गलत करते हैं, मैं इसे पूरी तरह से नहीं देखा लेकिन आज तक में ब्लैक एंड वाइट में देखने को मिला, क्योंकि आज के पुरुष बड़े तो होते जा रहे हैं, लेकिन संस्कार ठीक नहीं है मैं इसे सही बिलकुल नहीं देखता क्योंकि आज के पुरुष मुझसे बड़े होते जा रहे हैं, मैं इसे अपने हाथों से उनको प्रणाम करता हू क्योंकि आप लाठी डंडा के नोखपर उन्हें निकालकर अमृत पाने जा रहें हैं आज मुझे प्रभु राम के निर्देशों के अध्ययन का पालन करना है। क्योंकि हमें दुनिया के उस पुरुष की इच्छाओं को बिना किसी कारण के, परम दृष्टि की आज्ञा के रूप में पूरा करना चाहिए, किसी का बुरा कर पाप ही मिलेगा यदि आप महाकुम्भ नहीं गए हैं तो बिलकुल अच्छा किया है क्योंकि आप अपने बेटे और बेटियों के दिमाग में अच्छे संस्कार देकर उन्हें शिक्षित करना चाहिए। पुरुष / महिला पुरुष उसी तरह से महिला पुरुषों से भिन्न होते हैं जैसे कि महिला पुरुष, क्योंकि पुरुष/महिला पुरुष महिला पुरुष से अलग होते हैं ऐसे पुरुषों में, महान गुण देता है दुनिया में त्याग व समर्पण कर अच्छा इंसान तो बन गए हो अपने स्वार्थ में ट्रेन में लोगों को ऐसा धक्का दे सकते हैं**

**संजय गोस्वामी**



आज लोग महाकुम्भ 25 में इस तरह ट्रेन से जा रहें हैं कि जिनका सही में सीट है उनको जबरदस्ती लाठी डंडा के बल पर बाहर निकाल रहे हैं बोलने पर पिट देते हैं वो महाकुम्भ 25 में जाकर गंगा को अपवित्र ही करेंगे और गंगा जब मैली हुई तो उसमें डुबकी लगाने से आप भी पवित्र नहीं हो सकते अतः जो लोग नहीं गए हैं वहीँ असल में राम भक्त यदि उसमें डुबकी भी लगा लें तो पुण्य नहीं मिलेगा हैं क्योंकि उन्होंने त्याग किया जो उपद्रब कर जा रहें हैं उन्हें लगता है सांसारिक चीजों से कोई प्रेरणा नहीं मिली है, क्योंकि श्रद्धालू लोगों को उसके साथ कितना गलत करते हैं, मैं इसे पूरी तरह से नहीं देखा लेकिन आज तक में ब्लैक एंड वाइट में देखने को मिला, क्योंकि आज के पुरुष बड़े तो होते जा रहे हैं, लेकिन संस्कार ठीक नहीं है मैं इसे सही बिलकुल नहीं देखता क्योंकि आज के पुरुष मुझसे बड़े होते जा रहे हैं, मैं इसे अपने हाथों से उनको प्रणाम करता हू क्योंकि आप लाठी डंडा के नोखपर उन्हें निकालकर अमृत पाने जा रहें हैं आज मुझे प्रभु राम के निर्देशों के अध्ययन का पालन करना है। क्योंकि हमें दुनिया के उस पुरुष की इच्छाओं को बिना किसी कारण के, परम दृष्टि की आज्ञा के रूप में पूरा करना चाहिए, किसी का बुरा कर पाप ही मिलेगा यदि आप महाकुम्भ नहीं गए हैं तो बिलकुल अच्छा किया है क्योंकि आप अपने बेटे और बेटियों के दिमाग में अच्छे संस्कार देकर उन्हें शिक्षित ही करना चाहिए। पुरुष / महिला पुरुष उसी तरह से महिला पुरुषों से भिन्न होते हैं जैसे कि महिला पुरुष, क्योंकि पुरुष/महिला पुरुष महिला पुरुष से अलग होते हैं ऐसे पुरुषों में, महान गुण देता है दुनिया में त्याग व समर्पण कर अच्छा इंसान तो बन गए हो अपने स्वार्थ में ट्रेन में लोगों को ऐसा धक्का दे सकते हैं तो कुम्भ में क्या मिलेगा, केवल प्रेमपूर्ण दया से शुद्ध और शुद्ध आनंद प्राप्त किया जा सकता है, क्योंकि उनसे आत्म-ज्ञान उत्पन्न होता है, क्योंकि आत्मा भी दुनिया का सार है, केवल ज्ञान का देवता अन्य लोगों के लिए ऐसा ही कर सकता है। जो अविवाहित हैं और बाहर से दुनिया का ज्ञान रखते हैं, वे बाहर से दुनिया के ज्ञान को स्वीकार करते हैं, लेकिन इस वजह से वे दुनिया के लाभों को गलत तरीके से स्वीकार नहीं करते हैं, और अमृत के लोभ में अंधा होकर सही यात्रियों को निकालना आदमी के क्रोध का परिणाम हैं, अंततः वे ऐसा करते हैं। अगर मैं दुनिया की पूर्णतःसत्य को स्वीकार करता हू तो मैं दुनिया की अच्छाई को स्वीकार करूंगा, और मैं दुनिया के उन लाभों को स्वीकार नहीं करूंगा, जो दुष्ट लोग डुबकी लगा कर इतना अंधा आदमी के क्रोध के कारण वो जल भी पवित्र नहीं रहा। अच्छे इंसान वे हैं जो दुनिया से प्यार प्राप्त करते हैं जिसमें बुरा भला का ज्ञान हो ऐ तो एक के जी के स्टूडेंट्स से भी पूछ सकते हैं और फिर वे लोग ही आत्मा के अंधेरे का अनुभव करते हैं। लोगों से प्रेम ही अमृत के समान ही है, परन्तु कुछ लोग अंधकार के बीच में ही रहते हैं, और उन्हें संसार से प्रेम नहीं मिलता, क्योंकि वे आपको अपना सेवक नहीं मानते। ये वे लोग हैं, जिन्हें संसार से क्रोध मिलता है, क्योंकि उन्हें उसका ज्ञान नहीं है। देश से प्रेम सैनिको व योद्धाओं द्वारा किया जाता है, जिन्होंने पुरी वाहनों की सहायता से देश की रक्षा किया है, जहाँ तक पुरुषों का प्रश्न है, वे अनेक वस्तुओं के प्रेमी हैं और वे यदि कर्म पर विश्वास रखते है। जिनकी संख्या भिन्न-भिन्न है। जहाँ तक पुरुषों का प्रश्न है, वे ही उनकी सेवा करने वाले अकेले नहीं हैं, क्योंकि उनकी कभी माँग नहीं की गई। क्योंकि वे ही आदि से कल्प के रचयिता हैं, तो वे किससे सहायता माँगेंगे, किसकी सेवा करेंगे? यह केवल इसी रूप में है। क्योंकि पुरुष कल्प के अवतारों के साथ ऐसा नहीं कर सकते, इसलिए कल्प दूसरे पूर्ण शरीर के साथ एक हैं, इसलिए कल्प का केवल उसी के लिए उपयोग है, क्योंकि कल्प के शिष्यों ने उनके अवतारों का लाभ उठाया है। इसलिए अंतर यह है कि पुरुषों के अनुसार कल्प के शिष्य एक ही हैं। जब इस दुनिया के सूक्ष्म धकेलने वाले अपने क्रमिक चरणों के माध्यम से पुरुषों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं, तो दूरदर्शी अपने लोगों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं; जब इस दुनिया के सूक्ष्म धकेलने वाले अपने लोगों के माध्यम से पुरुषों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं। जब इस दुनिया के सूक्ष्म धकेलने वाले अपने प्रयासों के माध्यम से पुरुषों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं, तो दूरदर्शी अपने लोगों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं। जब इस संसार के सूक्ष्म प्रवर्तक अपने प्रयत्नों से पुरुषों तक पहुँचने का प्रयत्न कर रहे हैं, तब दूरदर्शी अपने ही लोगों तक पहुँचने का प्रयत्न कर रहे हैं। मुझे ज्ञात हुआ है कि इस संसार में अनेक पुरुष हैं और संसार में अनेक पुरुष हैं, सारा संसार पुरुषों से बना है। पुरुषों के प्रेम के नाम पर कल्प के भगवान उनकी सेवा करते हैं। पुरुष भी कभी-कभी ऐसे ही होते थे, सारे संसार के प्रेम का कारण भगवान के गीत हैं और स्त्रियाँ ही उसका बखान भी करती हैं कि मेरा पति भले ही कुम्भ नहीं लेकर गया लेकिन इंसानियत जिंदा है। प्रभु राम जो दुनिया का मालिक है, और वे ही हमें त्याग का रास्ता दिखाते हैँ और मैं निमित्त मात्र हूँ जो लोगों से ईर्ष्या नहीं करता हूँ। उसी तरह, मैं वह हूं जो ऐसे लोगों का सेवक हूं, और मैं ही वह हूं जो अद्वैत का मालिक हूं। मैं वह हूं जो दुनिया का मालिक के रास्ते चल रहा हूँ सच्चाई के पथ पर और मैं ही वह हूं जो सभी दुनियाओं का मालिक के बताये रास्ते पर चल रहा हूं। ये हमेशा ब्रह्मांड के दुश्मनों से लड़ने वाले हैं, और वे ही परमात्मा के सही बंदे हैं जो ब्रह्मांड के रक्षक हैं, अद्वैत के योद्धा हैं। अपनी रक्षा के लिए, वे इन योद्धाओं का ही काम करते हैं। ब्रह्मांड के निर्माण में, वे ब्रह्मांड के दुश्मनों के खिलाफ लड़ते हैं, और वे ही ब्रह्मांड के दुश्मनों के खिलाफ लड़ने वाले हैं। वे ही एक योद्धा का काम करते हैं, और वे ही दूसरे योद्धाओं के खिलाफ लड़ते हैं। वे ही एक योद्धा का काम करते हैं, और वे ही एक योद्धा का काम करते हैं। जंगल में रहते हुए, मेरे प्रियजनों के कुछ पुत्र, जिन्हें मेरे शरीर के दिव्य रूप का ज्ञान नहीं है, और मैंने उन्हें ईश्वर की कृपा से खुश कर दिया है। उनमें से कुछ को जंगल से बाहर निकाल दिया गया है। मेरे प्रियजनों के कुछ पुत्र, जो अपना जीवन लिखने में असमर्थ हैं, और कुछ बिना आँखों के रह गए हैं। किफारी के जंगल में, मेरे साथ लड़ने वाले कुछ छोटे आदमी वही हैं जिन्होंने विजुक दिन्हसेक के गर्भ से मेरे जीवन का निर्माण किया है। किसी मामले में, हिंदू कैलेंडर को विनायक चंत्री ने बंद कर दिया है और उसके द्वारा चार दुश्मनों को मार दिया गया है। इससे मैडम को भी नए पुरुषों की मौत का सामना करना पड़ता है। यह इस हिंदू कैलेंडर की कहानी है, हिंदू कैलेंडर की जीभ को मध्यम वर्ग के लोगों द्वारा बंद किया जाना है, जो पूरे आध्यात्मिकता के साथ एक ही स्थान के लोगों का सामना नहीं करना चाहते हैं। कई बार मैंने ईर्ष्या का काम किया है, भक्ति के गीत गाने वाले कुछ पुरुष ब्रह्मांड के विनाश से कम नहीं करते हैं, मुझे शुरू से ही पिता और माँ का काम करना पड़ता है, जो आध्यात्मिक मार्ग में उसी तरह आनंद लेंगे, और मैं बाबा के साथ भी ऐसा ही करूंगा। ऐसे पुरुष हमारे धर्म के गुरु बन गए हैं। ऐसी चीजों के कारण मुझे समान समस्याओं का सामना करना पड़ता है, और मैं कई अन्य पुरुषों के साथ भी ऐसा ही करूंगा। अगर लड़की शरीर के दाहिने और दाहिने हाथ में कमजोर आदमी के समान स्थिति में है, तो उसे अपने पति के दर्द का सामना करना पड़ता है। अगर लड़की शरीर के दाहिने हाथ में है, तो उसे अपने पति के दर्द का सामना करना पड़ता है। यदि कन्या शरीर के दाहिने हाथ में हो तो उसे अपने पति की पीड़ा का सामना करना पड़ता है। भूमि-पुरी के हाथों से पुनर्जीवित होने वाला ताम्बा उत्तम शरीर का आंतरिक रक्षक है, जो इस शरीर का रक्षक है। इस दुनिया के दिनों से, मैं पहाड़ों से होकर गुजरता रहा हूँ, योग्याकार्ता कई वर्षों से तूफान की गर्मी में रहा है। देश के दूसरी ओर से, मैं दुनिया को विद्युतीकृत करता रहा हूँ, जो पृथ्वी के उत्तर-पूर्वी भाग से बंधा हुआ है और 144साल की बाद को बिना सोचे अंश भक्त ऐसे है की लाठी डंडा का सहारा लेकर कुम्भ में पाप धोने जे लिए भगदड से हजारों लोगों को कुचलकर मौत के नींद सुला दिया हो ।

# नौनिहालों के सपनों पर हावी होते कोचिंग सेंटर

**छात्रों की भलाई और औपचारिक शिक्षा में कोचिंग सेंटरों का प्रभाव कम हो गया है। छात्र अपनी अकादमिक पढ़ाई से पहले कोचिंग सत्रों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे व्यापक शिक्षा प्रदान करने में स्कूलों की भूमिका कम हो जाती है। उदाहरण के लिए, बहुत से छात्र केवल उपस्थिति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्कूल जाते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए केवल ट्यूशन सुविधाओं का उपयोग करते हैं। कोचिंग सेंटर में लंबे समय तक पढ़कर कड़ी प्रतिस्पर्धा करने वाले छात्र तनाव, चिंता और बर्नआउट का अनुभव करते हैं। कोटा के छात्रों की आत्महत्या की रिपोर्ट कोचिंग सेंटर के माहौल से होने वाले गंभीर मनोवैज्ञानिक नुक़सान को दर्शाती है। कोचिंग सेंटर अकादमिक फोकस और तैयारी की रणनीतियों पर**

भारत में कोचिंग सुविधाओं की संख्या में तेज़ी से वृद्धि देखी जा रही है। ये केंद्र छात्रों को स्कूल स्तर की परीक्षाओं के साथ-साथ जेईई, नीट और यूपीएससी की तैयारी में मदद करते हैं। हालाँकि, इस उद्योग की विस्फोटक वृद्धि से कई चिंताएँ भी पैदा हो रही हैं। लगभग 58, 000 करोड़ के बाज़ार मूल्य के साथ, भारत का फलता-फूलता कोचिंग क्षेत्र अब पूरे देश से करोड़ों छात्रों को आकर्षित करता है। पारंपरिक शिक्षा में अंतर को पाटने के लिए, ये निजी संस्थान विशेष परीक्षा की तैयारी प्रदान करते हैं। हालाँकि, चिंताएँ हैं कि उनका बाज़ार-संचालित दृष्टिकोण औपचारिक शिक्षा के मानकों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और शैक्षणिक माँगों को बढ़ाकर छात्रों की पढाई पर भारी बोझ डालता है। कोचिंग सेंटरों के विस्फोटक विकास के कारण भारत में औपचारिक शिक्षा प्रणाली और छात्रों के कल्याण सम्बंधित चिंताएँ जताई गई हैं...

**प्रियंका सौरभ**



छात्रों की भलाई और औपचारिक शिक्षा में कोचिंग सेंटरों का प्रभाव कम हो गया है। छात्र अपनी अकादमिक पढ़ाई से पहले कोचिंग सत्रों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे व्यापक शिक्षा प्रदान करने में स्कूलों की भूमिका कम हो जाती है। उदाहरण के लिए, बहुत से छात्र केवल उपस्थिति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्कूल जाते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए केवल ट्यूशन सुविधाओं का उपयोग करते हैं। कोचिंग सेंटर में लंबे समय तक पढ़कर कड़ी प्रतिस्पर्धा करने वाले छात्र तनाव, चिंता और बर्नआउट का अनुभव करते हैं। कोटा के छात्रों की आत्महत्या की रिपोर्ट कोचिंग सेंटर के माहौल से होने वाले गंभीर मनोवैज्ञानिक नुक़सान को दर्शाती है। कोचिंग सेंटर अकादमिक फोकस और तैयारी की रणनीतियों पर हावी हैं, जिससे छात्रों की अपनी शिक्षा में रुचि ख़त्म हो जाती है। कोचिंग सेशन में भाग लेने के लिए, कई सीबीएसई स्कूलों में छात्र महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक वर्षों के दौरान नियमित कक्षाएँ छोड़ देते हैं। उच्च कोचिंग लागत आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को उच्च-गुणवत्ता की तैयारी तक पहुँचने से रोककर शैक्षिक अवसरों में अंतर को और बढ़ा देती है। प्रीमियम जेईई तैयारी कार्यक्रमों की लागत लाखों तक है, जो उन लोगों को अलग करती है जो कोचिंग का ख़र्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते हैं।

कोचिंग उद्योग कई कारकों के परिणामस्वरूप विकसित हुआ है। कोचिंग की आवश्यकता उच्च-दांव वाली प्रवेश परीक्षाओं, जैसे कि जेईई और एनईईटी पर ज़ोर देने से प्रेरित है। आईआईटी सीटों की सीमित संख्या के कारण, छात्र चयनित होने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेते हैं। माता-पिता और छात्रों के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए कोचिंग सेंटर आवश्यक हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन में सुधार होगा, इसलिए कई माता-पिता कोचिंग फीस पर बड़ी रक़म ख़र्च करते हैं। औपचारिक शिक्षा में प्रतियोगी परीक्षाओं की उन्नत तैयारी का अभाव अक्सर एक कमी छोड़ देता है जिसे कोचिंग सेंटर भर देते हैं। राज्य बोर्ड राज्य बोर्ड और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान पर ज़ोर देते हैं, जबकि कोचिंग सेंटर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी प्रदान करते हैं। कोचिंग सेंटर में शामिल होने के लिए छात्रों पर साथियों और अभिभावकों के दबाव के परिणामस्वरूप कोचिंग संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। पूरा परिवार कोटा और हैदराबाद जैसी जगहों पर कोचिंग के अवसरों के लिए जा रहा है। कोचिंग सेंटर रैंक-केंद्रित विज्ञापनों और सफलता की कहानियों के साथ छात्रों को आकर्षित करते हैं। अपने विज्ञापनों में, कोचिंग सेंटर अपने सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रदर्शित करते हैं, जिससे यह धारणा बनती है कि सफलता सुनिश्चित है।

इसका सामान्य रूप से शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है। कोचिंग सेंटरों द्वारा पाठ्यक्रम से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ज़ोर दिए जाने के परिणामस्वरूप छात्र अपनी नियमित शैक्षणिक पढ़ाई की उपेक्षा करते हैं। कक्षा 11 और 12 के दौरान, छात्र पूरे दिन के जेईई या नीट कोचिंग सत्र में भाग लेने के लिए अक्सर स्कूल छोड़ देते हैं। औपचारिक शिक्षा की वैधता कम हो जाती है क्योंकि छात्र अपना ध्यान कोचिंग सेंटरों की ओर मोड़ते हैं, जिससे शिक्षक की प्रेरणा कम हो जाती है। छात्र केवल कोचिंग सामग्री का उपयोग करते हैं और शहरी क्षेत्रों के स्कूल कक्षा में कम भागीदारी की रिपोर्ट करते हैं। परीक्षाओं में सफल होने के लिए रटने को प्रोत्साहित करके, कोचिंग सेंटर स्कूलों में सिखाई जाने वाली आलोचनात्मक सोच और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग कौशल को कमज़ोर कर देते हैं। प्रवेश परीक्षा अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ अक्सर वैचारिक विश्लेषण की तुलना में नियमित समस्याओं को हल करने पर अधिक ज़ोर देती हैं। खेल, कला और पाठ्येतर गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं क्योंकि छात्र कोचिंग कक्षाओं में बहुत अधिक समय व्यतीत करते हैं। छात्र अक्सर इंजीनियरिंग या मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करते समय स्कूल द्वारा प्रायोजित एथलेटिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से चूक जाते हैं। परीक्षा-केंद्रित संसाधनों तक पहुँच उच्च कोचिंग लागतों द्वारा सीमित है, जिसके परिणामस्वरूप एक दोहरी प्रणाली है जहाँ केवल गरीब ही मुख्यधारा की शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। सरकारी स्कूली बच्चे अल्प शैक्षिक संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि अमीर छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में जाते हैं।

स्कूलों में पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए, निजी कोचिंग सुविधाओं पर निर्भरता कम करने के लिए स्कूलों में कोचिंग सत्र और उन्नत शिक्षण मॉड्यूल शुरू करें। ऑनलाइन संसाधनों को प्रोत्साहित करें जो परीक्षण लेने की लागत और आय के बीच के अंतर को कम करने के लिए अधिक किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं। सभी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नपटल और दीक्षा जैसे प्लेटफ़ॉर्म द्वारा दिए जाने वाले मुफ़्त संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। विशेष कोचिंग की आवश्यकता को कम करने के लिए ज्ञान-भारी परीक्षाओं की तुलना में योग्यता-आधारित आकलन को प्राथमिकता दें।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली से सटे राज्य में स्कूल का टाइम टेबल चेंज, इस दिन से होगा लागू, जानें डिटेल

**चंडगीढ।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के स्कूलों के समय में बदलाव की घोषणा की है. यह नया टाइम टेबल 17 फरवरी से प्रभावी होगा और 14 नवंबर तक लागू रहेगा. इस बार समय परिवर्तन को पहले ही लागू किया जा रहा है, जबकि आमतौर पर यह बदलाव 1 मार्च से किया जाता था.प्रदेश में संचालित एकल पाली स्कूलों का समय अब सुबह 8ः00 बजे से शुरू होकर दोपहर 2ः30 बजे तक रहेगा. इससे पहले स्कूल सुबह 9ः30 बजे शुरू होते थे और 3ः30 बजे तक चलते थे. जहां दोहरी पाली में कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां भी समय में बदलाव किया गया है. अब पहली पाली सुबह 7ः00 बजे से 12ः30 बजे तक चलेगी जबकि दूसरी पाली दोपहर 12ः45 बजे से शाम 6ः15 बजे तक चलेगी.हरियाणा में समय परिवर्तन का उद्देश्य बच्चों की पढ़ाई को अधिक सुगम बनाना और गर्मियों के प्रभाव को कम करना है. इससे छात्रों को बेहतर माहौल में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा. यह नया टाइम टेबल 17 फरवरी से लागू होगा. यह परिवर्तन 14 नवंबर तक प्रभावी रहेगा. पहले यह बदलाव 1 मार्च से किया जाता था, लेकिन इस बार इसे जल्द लागू किया गया है.

### सूरजकुंड मेले में पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही शिल्प कला

**फरीदाबाद।** 38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में दिनों-दिन पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। खासकर वीकेंड पर मेले में बढ़ने वाली भीड़ के मद्देनजर शिल्पकारों के चेहरे भी खिलने लगे हैं। मेले में इस बार तीन शुक्रवार व शनिवार और तीन रविवार आने के चलते पर्यटकों के साथ-साथ शिल्पकारों के लिए दूसरा वीकेंड काफी महत्वपूर्ण रहेगा। अच्छी संख्या में दर्शक पर्यटक मेला देखने आएं, इसके लिए मेला प्राधिकरण द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मेले में पहले दिन ही अच्छी संख्या में दर्शक, पर्यटक पहुंचे तो शिल्पकारों के चेहरे खिल उठे। इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए दो की बजाय तीन चौपाल बनाई गई हैं। छोटी, बड़ी और महा चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक जुट रहे हैं। भीड़ के कारण इस बार वीकेंड पर पार्किंग स्थलों पर भी पहले के मुकाबले वाहनों की संख्या ज्यादा बढने् का अनुमान है।

### बकाया प्रॉपर्टी टैक्स होल्डर्स पर होगी कार्रवाई -मोना श्रीनिवास

**फरीदाबाद।** नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने निगम के जॉइंट कमिश्नर और अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को कार्यालय में प्रॉपर्टी टैक्स के संबंध में बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी जोन के जॉइंट कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि सरकारी प्रॉपर्टी हो या प्राइवेट प्रोपर्टी ऐसे सभी बकाया प्रॉपर्टी टैक्स होल्डर्स को शोर्ट नोटिस देकर कार्यालय में बुलाए और उनसे बकाया टैक्स को निगम के खाते में जमा कराएं। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ये कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी के मामले में उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि बकाया टैक्स धारकों के खिलाफ तय सीमा में टैक्स जमा न कराने पर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही भी की जाएगी। बैठक में एडिशनल कमिश्नर स्वप्निल रविंद्र पाटिल, एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल,ओल्ड जॉन के जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार,बल्लबगढ़ से जॉइंट कमिश्नर करण सिंह,जॉइंट कमिश्नर सुश्री द्विजा जेडटीओ के दिशा निर्देश दिए है कि अपने अपने संबंधित क्षेत्र में प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वाले लोगों को नोटिस जारी करें ताकि वे अपना प्रॉपर्टी टैक्स समय रहते जमा कर सकें। नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने सभी प्रॉपर्टी मालिकों से अपील की है कि वे समय से अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराए यदि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत इस टैक्स को जमा कराने में आ रही है तो वे संबंधित अधिकारियों से मिलकर अपना पक्ष रखें। अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वह समयानुसार अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। ताकि वह निगम द्वारा की जाने वाली आगामी कार्यवाही से बच सके और शहर का विकास तेज गति के साथ किया जा सके यह प्रॉपर्टी टैक्स शहर के विकास में लगाया जाता है। लाल डोरा आबादी के अंतर्गत आने वाली प्रॉपर्टी को लेकर भी नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार सभी जेडटीओ को दिशा निर्देश दिए है कि वह अपने अपने क्षेत्रों में लाल डोरा/आबादी वाली प्रॉपर्टी का सेल्फ सर्टिफाइड करवाना सुनिश्चित करें।

### फरीदाबाद कंपनी से कॉपर का सामान चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** कंपनी प्लांट से कॉपर का सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि मुकेश कुमार निवासी संजय एनक्लेव, फरीदाबाद ने पुलिस थाना सेक्टर-8 ने शिकायत दी थी। जिसमें उसने बतलाया कि वह नीफा एक्सपोर्ट प्रा0 लि0 कंपनी प्लांट में काम करता है और कंपनी में कॉपर एलॉय इनगॉट के 336 पीस आए थे, जब अगले दिन चैक किया और गिने तो उसमें 10 पीस कम पाये गये। जिसके संबंध में मामला थाना सेक्टर-8 में दर्ज किया गया है। मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने आरोपी पवन वासी अलीगढ़ उ.प्र. हाल बाहडोली व अमन वासी कन्नौज उ.प्र. हाल मिर्जापुर, फरीदाबाद को सेक्टर-8, से गिरफ्तार किया गया। पुछताछ में आरोपियों से सामने आया के आरोपी वाटर स्पलाई का काम करते है, और वो कम्पनी प्लांट में पानी देने गए थे। जहां पर वहां किसी को ना पाकर उन्होने कॉपर का सामान उठा लिया। पुछताछ के बाद कॉपर एलॉय इनगॉट के 10 पीस और प्रयोग किए गए वाहन को पुलिस ने वाटर प्लांट से बरामद किया। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को थाना धौज पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को मामले में जानकारी देते हुए बतलाया कि 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के परिजनों ने थाना धौज में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि जनवरी माह में आरोपी द्वारा उनकी लडक़ी को बहला-फुसला कर भगाकर ले गया, जिस शिकायत पर थाना धौज में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि नाबालिग लडकी को आनंद विहार बस अड्डा से तलाश किया गया है। नाबालिग लड़की के ब्यान पर पोक्सो एक्ट की धारा जोडी गई है। आरोपी मोहित (20) को थाना पुलिस टीम ने गांव कुरैशीपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी गांव कझरवा जिला बक्सर बिहार का रहने वाला है। आरोपी के से पूछताछ में सामने आया कि उसकी लड़की से इंस्टाग्राम के माध्यम से जान पहचान हुई थी। जिसको वह अपने साथ रांची झारखंड ले गया था। आनंद विहार बस अड्डा से पुलिस को देखकर भाग गया था।

### क्रेडिट कार्ड के नाम पर फ्रॉड, दो महिलाओं समेत पांच गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड बनाने के नाम पर साइबर फ्रॉड के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने दो महिलाओं सहित पांच आरोपियों को नजफगढ़ दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को मामले में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में बोबी श्रेष्ठा वासी रामा विहार दिल्ली, राकेश राजाराम जैसवर अभिलाख नगर, लालजी पाडा, कांदीवली वेस्ट, मुंबई हाल गांव कराला दिल्ली, हरविंदर उर्फ़ मंजीत वासी सेक्टर 22 रोहिणी दिल्ली हाल गाँव मदनपुर डबास, सुनार चोक दिल्ली, गुनगुन उर्फ गुंजन वासी गांव कराला।

**समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और एक आदर्श नागरिक बनाने में सहभागी है युवा : मुख्यमंत्री**

# मुख्यमंत्री ने युवा शक्ति को बताया समाज का सशक्त माध्यम

**नई दिल्ली। सौरभ वार्ष्णेय**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवा हमारे राष्ट्र का मजबूत आधार स्तंभ हैं। युवाओं की सोच सकारात्मक विचारधारा के साथ राष्ट्रहित में सोचने और कार्य करने के लिए अहम है। आज का युवा केवल शिक्षा तक सीमित नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और एक आदर्श नागरिक बनाने की प्रक्रिया में सहायक है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सर्वाधिक प्रतिभाशाली, होनहार, परिश्रमी और निष्ठावान युवाओं का प्रदेश है। श्री सैनी ने युवा शक्ति को प्रेरित करते हुए कहा कि बदलते दौर के साथ युवा अपनी ऊर्जावान शक्ति के साथ समाज को नई दिशा देने में सहभागी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी संगठन ने पिछले 75 सालों में भारत की एकता व अखण्डता के लिए कड़ा संघर्ष किया है। इसी एकता व अखंडता को स्थापित करने वाले भारत के संविधान का 75वां साल अब पूरा देश मना रहा है। पूरे देश में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान चल रहा है। ऐसी ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता का संगम इन दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ में देखने को मिल रहा है।

इस बार के महाकुंभ में युवाओं की भागीदारी पहले से बहुत अधिक हो रही है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे युवा संस्कृति के प्रति जागरूक हो गए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले ऐसा ही परिदृश्य पिछले साल अयोध्या में भगवान श्री राम के नव्य-दिव्य और भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय देखने को मिला था। उस समय पूरे भारत ने ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में जहां तक भी भारतीय संस्कार फैले हैं, वहां तक दिवाली मनाई गई थी। उसमें भी युवाओं ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने आह्वान किया कि सबको साथ लेकर चलें -हयात लेके चलो कायनात ले के चलो, चलो तो सारे जमाने को साथ ले के चलो। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर करता है। भारत के पास आज विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति है और यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम इस ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत हेतु युवाओं को पहला स्तंभ माना है। उनका मानना है कि विकसित भारत का निर्माण करने के लिए हमें चार अमृत स्तम्भों को मजबूत करना होगा। ये अमृत स्तम्भ हैं- हमारी युवा शक्ति, हमारी नारी शक्ति, हमारे किसान तथा मध्यम व गरीब वर्ग। इसमें युवा शक्ति आप हैं।

## देश के आर्थिक, सामाजिक सशक्तिकरण में हरियाणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है: बिरला

**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में राज्य विधानमंडल परिसर में हरियाणा की 15वीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विधायकों को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि हरियाणा ने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कानून बनाते समय शोध और अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया, विधायी प्रारूपण और प्रक्रियाओं की गहन समझ की आवश्यकता पर बल दिया।

बिरला ने कहा, ÷विधानसभा के सदस्यों को कानून बनाते समय व्यापक अध्ययन करना चाहिए।÷ उन्होंने कहा, ÷सदस्यों को विधायी प्रारूपण की गहन समझ होनी चाहिए। सर्वश्रेष्ठ विधायक वह है जो विधानसभा में सार्थक चर्चा में भाग लेता है, व्यापक अध्ययन के आधार पर मुद्दों पर चर्चा करता है और नवाचार के इस युग में प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।÷

उन्होंने आगे जोर दिया कि लोकतंत्र में अधिक से अधिक जन



भागीदारी से शासन में पारदर्शिता बढ़ती है। उन्होंने कहा, ÷विधानसभा सदस्यों के लिए राज्य का नेता बनने का उपयुक्त मंच है।÷ लोकसभा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित विधायकों को सदन की प्रक्रियाओं का प्रभावी चर्चा एवं संवाद के माध्यम से पूर्ण उपयोग करके सर्वश्रेष्ठ विधायक बनने तथा लोगों की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

हरियाणा की 15वीं विधानसभा के सदस्यों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड), लोकसभा सचिवालय द्वारा हरियाणा विधानसभा सचिवालय के सहयोग से किया जा रहा है।

विधायकों के अभिमुखीकरण कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, ÷...मुझे उम्मीद है कि सभी विधायक उचित आचरण, सार्थक चर्चा सुनिश्चित करेंगे तथा सदन की गरिमा बनाए रखेंगे। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन बातचीत में शालीनता और सकारात्मक दृष्टिकोण होना चाहिए। जब हम राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण के साथ काम करेंगे, तो हर कार्य राष्ट्र के पक्ष में होगा...मैं ओम बिरला जी का आज यहां उपस्थित होने के लिए स्वागत करता हूं और धन्यवाद देता हूं।

### अमृतसर में तीस किलो हेरोइन बरामद, एक गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने सीमा पार से तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक कार के साथ 150 करोड़ रुपए की 30 किलोग्राम हेरोइन बरामद की।पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि यह साल 2025 की सबसे बड़ी हेरोइन जब्ती है। उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान से ड्रग्स लाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। गिरफ्तार आरोपी बड़े पैमाने पर हेरोइन की तस्करी में शामिल था, और बताया गया कि उसे हाल ही में सीमा पार ड्रोन के जरिए तस्करी की गई हेरोइन की एक बड़ी खेप मिली थी।डीजीपी यादव ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस थाना घरिंडा में एक एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और तस्करी नेटवर्क की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ड्रग तस्करी को खत्म करने और एक सुरक्षित पंजाब सुनिश्चित करने के अपने संकल्प में प्रतिबद्ध है।

## किसान नेताओं के साथ बैठक में केंद्रीय टीम का नेतृत्व करेंगे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी



**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के नेतृत्व में केंद्रीय टीम शुक्रवार को उन किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी जो फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी समेत अन्य मांग कर रहे हैं। इस बैठक में उनकी मांगों पर वार्ता की जाएगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी।इस बैठक में किसानों का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा।सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री जोशी केंद्रीय टीम का नेतृत्व करेंगे।सूत्रों के अनुसार, पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डिया भी उपस्थित रहेंगे।यह बैठक चंडीगढ़ में महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान, पंजाब में आयोजित की जाएगी।यह कदम अन्य मांगों के अलावा एमएसपी की कानूनी गारंटी को लेकर किसानों द्वारा एक साल से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के बाद उठाया गया है।किसानों के अनुसार, आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बैठक में भाग लेगा।अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वह भी बैठक में शामिल होंगे।

## समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और एक आदर्श नागरिक बनाने में सहभागी है विद्यार्थी परिषद: मुख्यमंत्री

**फरीदाबाद,सुनील कुमार जांगड़ा.**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि यह एक विचारधारा है। यह विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में सोचने और कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। इसका उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और एक आदर्श नागरिक बनाने की प्रक्रिया में सहायक बनना है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के सभागार में तीन दिवसीय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 56 वें प्रांतीय अधिवेशन का दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 365 दिन विद्यार्थियों के लिए काम करने वाला संगठन है। शहीदों और महापुरुषों का सम्मान करने वाला संगठन है। यह महिलाओं और शिक्षकों का सम्मान करने वाला संगठन है। वे खुशी व्यक्त करते हैं कि इस संगठन की स्थापना वर्ष 1948 में हरियाणा के ही अंबाला शहर से ही हुई थी। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय प्रान्तीय सम्मेलन में हरियाणा प्रान्त के 600 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक और शिक्षाविद अपने विचारों की अभिव्यक्ति के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि आज हरियाणा



सर्वाधिक प्रतिभाशाली, होनहार, परिश्रमी और निष्ठावान युवाओं का प्रदेश है। अधिवेशन में छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति को देखते हुए यहां राष्ट्र के सामने आई चुनौतियों पर भी गहरा विचार मंथन होगा।श्री सैनी ने युवा शक्ति को प्रेरित करते हुए कहा कि संगठन का घोष वाक्य-ज्ञान, शील व एकता है, ऐसे में यह तीनों मूल्य देश को सशक्त, आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान मूल्य के मामले में हमें युवा पीढ़ी को गर्व है क्योंकि युवाओं ने देश-विदेश में सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा की धाक जमाई है। वहीं दूसरे मूल्य शहल का सीधा संबंध चरित्र से है, चरित्र निर्माण अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रमुख प्रकल्प है। इसी प्रकार तीसरा घोष वाक्य-एकता है। जिसमें कोई भी देश, समाज व संगठन एकता के आधार स्तंभ पर ही खड़ा रह सकता है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी संगठन ने पिछले 75 सालों में भारत की एकता व अखण्डता के लिए कड़ा संघर्ष किया है। इसी एकता व अखंडता को स्थापित करने वाले भारत के संविधान का 75वां साल अब पूरा देश मना रहा है। पूरे देश में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान चल रहा है। ऐसी ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता का संगम इन दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ में देखने को मिल रहा है। इस बार के महाकुंभ में युवाओं की भागीदारी पहले से बहुत अधिक हो रही है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे युवा संस्कृति के प्रति जागरूक हो गए हैं। इस जागरूकता में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का उल्लेखनीय योगदान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले ऐसा ही परिदृश्य पिछले साल अयोध्या में भगवान श्री राम के नव्य-दिव्य और भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय देखने को मिला था। उस समय पूरे भारत ने ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में जहां तक भी भारतीय संस्कार फैले हैं, वहां तक दिवाली मनाई गई थी। उसमें भी युवाओं ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने आह्वान किया कि सबको साथ लेकर चलें -हयात लेके चलो कायनात ले के चलो, चलो तो सारे जमाने को साथ ले के चलो।

### फरीदाबाद : बच्ची से रेप के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

**फरीदाबाद।** तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई रेप की घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। शुक्रवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया और तहसीलदार यशवंत सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने दोषी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगों में मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाना और दोषी को फांसी की सजा देना शामिल है। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार से अपराधियों के लिए एनकाउंटर नीति लागू करने और दोषी के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की भी मांग की है। पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रदर्शनकारियों ने सरकार से परिवार को आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

## ओडिसा के कलाकारों ने नृत्य और सेना पराक्रम का अद्भुत नजारा किया पेश

**फरीदाबाद।** कला एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा व पर्यटन निगम हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला की हर संध्या को शानदार बनाने के लिए सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसमें हर रोज देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब लुभा रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को बड़ी चौपाल पर सांस्कृतिक संध्या में इस बार के मेले के थीम स्टेट ओडिसा के कलाकारों ने नृत्य और सेना पराक्रम का अद्भुत नजारा पेश कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। ओडिसा के कलाकारों के समूह ने बड़ी चौपाल के मंच पर तलवारबाजी से साहसी सेना के पराक्रम को दर्शाया। इनकी प्रस्तुति इतनी बेहतरीन रही की पंडाल में सभी लोगों ने तालियों से इनका अभिवादन किया। इनके अलावा ओडिसा के शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियों को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया। महिला कलाकारों के सामूहिक नृत्य ने सभी को ओडिसा की संस्कृति से रूबरू करवाया। इन नृत्यों में संबलपुरी और गोटीपुआ नृत्य की प्रस्तुति काफी शानदार रही। बड़ी चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में ओडिसा के कलाकारों ने देर रात तक समा बांधे रखा। इस अवसर पर काफी संख्या में पर्यटक मौजूद रहे। इन कलाकारों ने हरियाणा सरकार द्वारा उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय मेले में इतना बेहतर मंच प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा का धन्यवाद व्यक्त किया है।

## हरियाणवी पगड़ी बंधवाने के साथ 'हुक्का विद सेल्फी' से आकर्षित हो रहे पर्यटक

**चंडीगढ़/ फरीदाबाद/नई दिल्ली (सौरभ वार्ष्णेय)।** 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में आपणा घर में लगा विरासत प्रदर्शनी में हरियाणवी पगड़ी के प्रति मेला में आने वाले पर्यटकों का पूरा फोकस बना हुआ है। पगड़ी बंधवाने के साथ-साथ हुक्का के साथ सेल्फी लेने के लिए दिनभर पर्यटकों में होड़ सी लगी रहती है। हरियाणा का आपणा घर में विरासत की ओर से जो पारंपरिक परिधानों की प्रदर्शनी लगाई गई है, वहां पर पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ के माध्यम से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हरियाणा की पगड़ी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए हरियाणवी संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने वाले एवं विरासत के निदेशक डा. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की पगड़ी को अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेला-2025 में खूब लोकप्रियता हासिल हो रही है। पर्यटक पगड़ी बांधकर हुक्के के साथ सेल्फी, हरियाणवी झरोखें से सेल्फी, हरियाणवी दरवाजों के साथ सेल्फी, चारपाई व आपणा घर के दरवाजों के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं। मेला में इस माध्यम से हरियाणा



की लोक सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक पगड़ी खूब लोकप्रियता हासिल कर रही है। पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में पगड़ी की विशेष महत्ता है। पगड़ी की परम्परा का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। पगड़ी जहां एक ओर लोक सांस्कृतिक परम्पराओं से जुड़ी हुई है, वहीं पर सामाजिक सरोकारों से भी इसका गहरा नाता है। हरियाणा के खादर, बांगर, बागड़, अहीरवाल, बृज, मेवात, कौरवी क्षेत्र सभी क्षेत्रों में पगड़ी की विविधता देखने को मिलती है। प्राचीन काल में सिर को सुरक्षित ढंग से रखने के लिए पगड़ी का प्रयोग किया जाता था। पगड़ी को सिर पर धारण किया जाता है। इसलिए इस परिधान को सभी परिधानों में सर्वोच्च स्थान मिला। पगड़ी को लोकजीवन में पग, पाग, पग्गड़, पगड़ी, पगमंडासा, साफा, पेचा, फेंटा, खण्डवा, खण्डका आदि नामों से जाना जाता है। जबकि साहित्य में पगड़ी को रूमालियो, परणा, शीशकाय, जालक, मुरैठा, मुकुट, कनटोपा, मदील, मोलिया और चिंदी आदि नामों से भी जाना जाता है। वास्तव में पगड़ी का मूल ध्येय शरीर के ऊपरी भाग (सिर) को सर्दी, गर्मी, धूप, लू, वर्षा आदि विपदाओं से सुरक्षित रखना रहा है, किंतु धीरे-धीरे इसे सामाजिक मान्यता के माध्यम से मान और सम्मान के प्रतीक के साथ जोड़ दिया गया, क्योंकि पगड़ी सिरोधार्य है। यदि पगड़ी के अतीत के इतिहास में झांक कर देखें, तो अनादिकाल से ही पगड़ी को धारण करने की परंपरा रही है।

आपणा घर के बाहर हरियाणवी पगड़ी बांध रहे मनोज कालड़ा ने बताया कि प्रतिदिन एक हजार से ज्यादा लोग शान से हरियाणवी पगड़ी बंधवाकर मेले का भ्रमण कर रहे हैं। युवाओं में भी दिनभर पगड़ी बंधवाने की होड़ लगी रहती है। कुरूक्षेत्र से मेला देखने आए युवा अंकित ने बताया कि उनके दादा पगड़ी बांधते थे। उन्हें भी पगड़ी बांधने का बहुत चाव है। फिलहाल मेला परिसर में आपणा घर में सजी विरासत प्रदर्शनी हर पर्यटक को हरियाणवी संस्कृति का संदेश दे रही है।

## प्रदेश मंत्री अनिल कुमार आज अलीगढ़ में

**अलीगढ, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** प्रदेश के मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अनिल कुमार जी 15 फरवरी को अरान्ह 12:30 बजे सूतमिल चौराहे पर पहुँचेंगे जहां पूर्व विधायक भगवती प्रसाद सूर्यवंशी एवं प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय लोकदल चौधरी रामबहादुर सिंह द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। मंत्री जी इसके उपरांत 01 बजे से मैरिस रोड स्थित हबीब गार्डन में राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री जी अपरान्ह 03:15 बजे से सर्किट हाउस में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी के साथ भेंटवार्ता करेंगे।

उन्होंने बताया कि मंत्री द्वारा 04:15 बजे से जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल चौ. हम्बीर सिंह, महानगर अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल अब्दुल्ला शेरवानी एवं राजकुमार शम्मी के आवास पर भेंटवार्ता कर सांय 05:40 बजे गाजियाबाद को प्रस्थान किया जाएगा।

## मंग्लेश्वर मंदिर में शिवरात्रि को लेकर तैयारियां शुरू



**अलीगढ, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** लघु वृंदावन नगरी जयगंज के पुराप्राचीन मंदिर श्री मंग्लेश्वर महादेव से महाशिवरात्रि पर्व पर निकाले जाने वाली शोभायात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

व्यवस्थाओं को अंतिम रूप प्रदान करने केलिए मंदिर श्री मंग्लेश्वर महादेव जी समिति (रजि.) की एक आवश्यक बैठक गांधीपार्क चौराहे स्थित धीरज पैलेस में हुई, जिसकी अध्यक्षता अशोक माहेश्वरी ने की। बैठक में महाशिव रात्रि पर निकाले जाने वाली शोभायात्रा, मंदिर रंगाई-पुताई सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। बैठक में उपाध्यक्ष पंकज धीरज, सचिव देवांश आलोक पंडित, प्रवक्ता अंकित वार्ष्णेय, संजीव सक्सैना, संजीव उपमन्यु आदि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अलीगढ़ महोत्सव के मुक्ताकाश मंच, कृष्णांजलि मंच व कोहिनूर मंच पर आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां





















# डीएम ने की 75 परियोजनाओं की समीक्षा, खराब रैंक वाले अधिकारियों को सुधार की दी चेतावनी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की बैठक संपन्न

**अलीगढ़, (पंकज धीरज)।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित होने वाली विकास योजनाओं के सबंध में माह जनवरी की रैंकिंग के आधार पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसे में सभी अधिकारी अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करना सुनिश्चित करें।



डीएम ने विद्युत विभाग की समीक्षा में खराब ट्रांसफार्मर्स की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि आगामी माह से विद्युत आपूर्ति की मांग बढ़ जाएगी ऐसे में अभी से गर्मी के मौसम के दृष्टिगत तैयारी आरम्भ कर दें, जर्जर विद्युत लाइन और पोल को प्रतिस्थापित कराया जाए। डीएम ने पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और पीएम कुसुम योजना की समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों में प्रगति लाते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा में पाया गया कि बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत 06 कस्तूरबा गॉधी विद्यालय निर्माणाधीन हैं, जिन्हें जून 2025 तक पूर्ण कराया जाना है।

डीएम निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यों में तेजी लाकर मानक व गुणवत्ता के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग की समीक्षा में पाया गया कि 10 के सापेक्ष 04 परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं। उन्होंने सीवीओ को निर्देशित किया कि हाईवे समेत प्रमुख मार्गों को निराश्रित गौवंशों से मुक्त कराना सुनिश्चित करें ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं की संभावना का न्यून किया जा सके।

डीएम ने खैर के लक्ष्मणगढ़ी में निर्माणाधीन स्टेडियम के कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नई सड़कों के निर्माण की समीक्षा में लोक निर्माण विभाग के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए समय से कार्य पूर्ण कराएं। बैठक में कुल 75 परियोजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने खराब रैंक वाले अधिकारियों के प्रति नाराज़गी प्रकट कर कार्य सुधार की चेतावनी दी।

बैठक में सीएमओ डॉ नीरज त्यागी, पीडी डीआरडीए भाल चंद त्रिपाठी, डीआईओएस डा0 सर्वदानंद समेत विकास विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने की 01 करोड़ से अधिक लागत की भवन, सेतु एवं सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में 01 करोड़ से अधिक लागत की भवन, सेतु एवं सड़क निर्माण की पूर्ण-अपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आहुत की गई।

जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य मानक के अनुरूप और गुणवत्ता और समयबद्धता से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों में धन की आवश्यकता है तो वहां शासन में पैरवी पर धनावंटन कराया जाए। बैठक में डीडीयू चिकित्सालय में 100 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लॉक निर्माण में 35 प्रतिशत भौतिक प्रगति पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि सितम्बर 2025 तक निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना है, ऐसे में अतिरिक्त कार्मिक लगाते हुए समय से कार्य पूर्ण कराया जाए। विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं नगर पंचायत मडराक में कल्याण मण्डप का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। बारहद्वारी पर निर्माणाधीन मल्टीलेवल कार पार्किंग विद

**■ निर्माण कार्यों को मानक के अनुरूप और गुणवत्ता और समयबद्धता से पूर्ण करने के दिए निर्देश**

कॉमशियल कॉपलेक्स के अवशेष कार्य को नगर-निगम एवं स्मार्ट सिटी के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

सीएण्ड डीएस द्वारा महेन्द्र नगर, आगरा रोड, मैरिस रोड, सुरेन्द्र नगर एवं छर्रा अड्डा क्षेत्रों में कराए जा रहे जल निकासी के कार्यों को अनिवार्य रूप से 28 जून से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नगर सृजन योजनान्तर्गत सारसौल में बन रहे कल्याण मण्डप की 38 प्रतिशत भौतिक प्रगति पाई गई, जिस पर डीएम ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

तालानगरी में अग्निशमन केंद्र एवं अनावासीय भवन निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप समयबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सांकरा गंगा घाट पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों की धीमी प्रगति पर डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## खाल के लिए कर रहे थे पशु हत्या, 4 युवकों को पकड़ा

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** अलीगढ़ में पशुओं को जहरीला इंजेक्शन लगा कर हत्या करने वाले 4 युवको को रंगे हाथों पकड़ा गया है। ये मामला अलीगढ़ के थाना इगलास क्षेत्र के गांव ताहरपुर से सामने आया है। बताया जा रहा है आरोपी पशुओं को जहरीला इंजेक्शन लगाकर उनकी हत्या कर मृतक पशुओं की खाल उतारते हैं और फिर उसे बेंच देते हैं।

इन युवकों को ऐसा करते हुए कुछ लोगों ने देखा। इसके बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने जब इनसे पूछताछ की तो इन्होंने बताया कि उनसे ये काम एक ठेकेदार कराता है। जिसका नाम इन्होंने विवेक बताया। इन युवकों ने बताया कि ठेकेदार भैंसों को जहर या इंजेक्शन देकर मरवाता है। भीड़ ने एक आरोपी से नाम पूछा तो उसने अपना नाम धनराज बताया। इस आरोपी ने अपना फोन नंबर भी भीड़ को बताया। पूछताछ के बाद भीड़ भड़क गई और चारों आरोपियों की पिटाई कर दी। बाद में इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## जेईई मेन्स में 15 छात्रों ने हासिल किए सर्वोच्च अंक

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स 2025 सत्र -1 में आकाश इंस्टीट्यूट के 15 छात्रों ने 98-23 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है।

आकाश एजूकेशनल सर्विसेज के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने बताया कि सक्षम गुप्ता 99.84, सक्षम दीक्षित 99.80, उज्जवल नागर 99.73, प्रज्जवल महाजन 99.34, अरिन कुमार सिंह 99.33, गौरव वर्मा 99.25, पर्सेंटाइल सहित 15 छात्रों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है।



यह छात्रों की कठिन मेहनत और समर्पण के साथ-साथ आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग का नतीजा है कि ऐसे परिणामों को संभव बनाया है। डायरेक्टर डीके मिश्रा ने कहा कि यह परिणाम भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में छात्रों की कठिन मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इन परिणामों की घोषणा की, जो इस वर्ष के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का पहला एग्जाम रिजल्ट है। जेईई एडवांस्ड में भाग लेने के लिए जेईई मेन्स में उपस्थित होना आवश्यक है।

## शब-ए-बारात : इबादत में गुजरी रात, पूर्वजों को किया याद

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** अलीगढ़ में शब-ए-बारात की रात शहर के कब्रिस्तानों, दरगाहों, इमामबाड़ों और कर्बलाओं में भारी भीड़ रही। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने पूर्वजों को याद करते हुए उनकी कब्रों पर फूल चढ़ाए, अगरबत्ती और मोमबत्ती जलाई।

**■ गुनाहों की मांगी माफी, कब्रिस्तानों-दरगाहों में उमड़ी रही भीड़**

शहर भर के कब्रिस्तानों को लाइटों से सजाया गया। इस्लाम धर्म की मान्यताओं के अनुसार इस रात जो भी दुआ मांगी जाए पूरी होती है। ये रात मृतक लोगों के लिए भी विशेष होती है। लोग अपने पूर्वजों कि कब्र पर जा कर दुआ करते रहे। अपने माता-पिता और रिश्तेदारों को नम आंखों के साथ लोगों ने याद किया।

## गीतकार राही को हिमाचल प्रदेश मिला राष्ट्रीय गौरव साहित्यश्री सम्मान

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** भारत विभूषण से विभूषित अलीगढ के वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद् गीतकार डॉ.अवनीश राही को उनके द्वारा भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संवर्द्धन में अतुलनीय योगदान हेतु राष्ट्रीय गौरव साहित्यश्री सम्मान-2025 हिमाचल प्रदेश से अलंकृत किया गया।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने गीतकार डॉ.अवनीश राही को अंग-वस्त्र, स्मृति-चिन्ह व प्रशस्तिपत्र देकर राष्ट्रीय गौरव साहित्य श्री सम्मान-2025 हिमाचल प्रदेश की उपाधि देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश गवर्नर ने कहा कि



राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने साहित्य की गंध बिखेर रहे जनकवि गीतकार डॉ.अवनीश राही का साहित्य ओस की बूदों के मानिद् है जो हर मन के प्यासे मरुथल को तृप्त कर रहा है। हम आशा करते हैं कि डॉ. राही समाज हित और राष्ट्रहित में यूँ ही अपनी कलम चलाते रहेंगे।

## नुमाइश में बार बालाओं का आपत्तिजनक डांस

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** अलीगढ़ नुमाइश में सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर जमकर अश्लील डांस हो रहा है। इस कार्यक्रम में मौजूद बार बालों अश्लील डांस कर रही हैं जिस पर उनके पास पहुंचकर युवा जमकर नोट उड़ा रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर टिकट बेची जा रही है और अंदर पहुंचने पर सिर्फ डांस होता है और युवा नोट उड़ाते हुए अजीब हरकतें करते हैं। जिससे यहां पहुंचीं महिलाओं को काफी शर्मिंदगी होती है।

प्रशासन की गाइडलाइन के

**■ युवा उनके पास जाकर कर रहे हैं नोटों की बारिश, कई वीडियो आए सामने**

मुताबिक कोई भी बार बालाओं के पास नहीं जा सकता लेकिन मनचले किस्म के युवा बार बालों के पास खड़े होकर नोटों की बरसात कर रहे हैं। इस तरह के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इन वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे बार बालाएं अजीब तरह से डांस कर रही हैं और कई युवक उनके पास जाकर नोट लुटा रहे हैं। देखना होगा इस तरह के वीडियो सामने आने के बाद अलीगढ़ प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करेगा।

## सीबीएसई परीक्षा 15 फरवरी से

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा में पहली बार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। हर परीक्षा कक्ष में कैमरे लगाए जाएंगे। एक घंटा पहले परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश मिलेगा। इसके लिए जिले में 21 केंद्र बनाए गए है।

सीबीएसई की सिटी कोआर्डिनेटर आरती झा ने बताया कि पहली बार परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। कक्ष में एक कैमरा आगे और एक कैमरा पीछे लगेगा। इससे परीक्षार्थियों पर नजर रखी जाएगी। अब तक केवल प्रवेश द्वार पर ही कैमरे की व्यवस्था थी। यह परीक्षा 18 मार्च तक चलेगी।

**इन स्कूलों को बनाया गया है परीक्षा केंद्र :** अलीगढ़ पब्लिक स्कूल, अवर लेडी ऑफ फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जोंस स्कूल अतरौली, डीपीएस आगरा रोड, संत फिदेलिस स्कूल, अल-बरकात पब्लिक स्कूल, जीडी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैर रोड, महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल आगरा रोड, रेडिएंट स्टार्स इंग्लिश स्कूल खैर रोड, विजडम पब्लिक स्कूल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, सिटी कॉन्वेंट स्कूल अतरौली, हेम विद्या निकेतन खैर, शांति निकेतन वर्ल्ड स्कूल, एलबीके पब्लिक स्कूल कजरौठ इगलास, डीपीएस तालानगरी रामघाट रोड, अंकुर पब्लिक स्कूल भरतरी, डीपीएस वर्ल्ड स्कूल गोमत खैर, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय खैर पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

## मल्लखंभ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का हैरतअंगेज प्रदर्शन, रोमांचित हुए दर्शक

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** नुमाइश के क्रीड़ा भारती एवं एमेच्योर मल्ल खम्म एसोसिएशन की ओर से आयोजित मल्ल खम्म प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। खिलाड़ी छात्राओं ने जब रोप मल्ल खम्म में अपना प्रदर्शन दिखाया तो दर्शक तालियां बजाने को मजबूर हो गए। खिलाड़ी छात्रों ने भी पोल मल्ल खम्म के माध्यम से बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।




डीआईओएस सर्वानन्द आरएसएस के सह विभाग संघचालक ललित कुमार, विभाग कार्यवाह योगेश आर्य, भाजपा के ब्रज प्रांत उपाध्यक्ष ठाकुर श्यौराज सिंह, क्रीड़ा भारती के ब्रज प्रांत के उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रांत सह मंत्री मनीष कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

छात्राओं में सोनिया कुशवाहा, रिया साहू, ईश्वरी कुशवाहा, रेणुका वर्मा, मोहिनी पाल, खुशी कुशवाहा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया उनके प्रदर्शन पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। मंचासीन अतिथियों ने कहा कि हमारे देश की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है सिर्फ उन्हें मौका मिलने की जरूरत है।

क्रीड़ा भारती के महानगर अध्यक्ष हरेंद्र गौड़, कार्यक्रम में विभाग प्रचारक प्रमुख भूपेंद्र शर्मा, विभाग सह प्रचार प्रमुख राज नारायण सिंह, महानगर सह प्रचार प्रमुख सुधीर, सुमित गोटेवाल, सुनील भंडारी, ललित सागर सैनी, प्रमोद शर्मा आदि थे।

## आयुर्वेद व यूनानी चिकित्सा पद्धति की दी जानकारी

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के कृष्णांजलि नाट्यशाला में चिकित्सक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बैध क्षेत्रपाल सिंह आयुर्वेदाचार्यने की।



मुख्य अतिथि प्रशांत सिंघल महापौर, मुख्य अतिथि अमित कुमार भट्ट नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी प्रदर्शनी , डॉ नरेंद्र कुमार जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी व पिंकी भाटिया कार्यकारिणी सदस्य रहे। समारोह में सभी सम्मानित व्यक्तियों को शॉल उड़ा कर स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया।

महापौर प्रशांत सिंहल डॉ नरेंद्र कुमार क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी ने आयुर्वेद पर अपने विचार रखे। वहीं, समारोह में आये बच्चों ने स्वागत गान एवं देश भक्ति के गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आए चिकित्सक बंधुओं ने आज के परिप्रेक्ष में चिकित्सकीय योग एवं अनुभव पर परिचर्चा व उपचार में अपने विचार रखे। समारोह का संचालन संगठन मंत्री वीरेंद्र कुमार वार्ष्णेय व विष्णु दत्त शर्मा ने किया।

समारोह मेंमहेन्द्र पाल सिंह, सतीश चन्द्र महादेव, बैध श्याम सुंदर शर्मा, चमन लाल वाष्णैय जी को पटका व पुष्प माला पहनाकर कर भगवान धन्वंतरि के चित्र के साथ सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

आयोजन को सफल बनाने में वीरेंद्र कुमार वार्ष्णेय संगठन मंत्री, डाक्टर रामबाबू सिंह मण्डल महामंत्री, डॉक्टर किशोर सिंह कोषाध्यक्ष, बैध प्रेम पाल वार्ष्णेय, डॉक्टर चन्द्र सेन समस्त पदाधिकारी समस्त सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 08 मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों एवं विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों जैसे- फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर बाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे-छोटें प्रकृति के मामलें लम्बित हो के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित/प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है।

अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत वादकारीगण से अपेक्षा है कि वे अपने मामले का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने के इच्छुक हों तो अपना प्रार्थना पत्र सम्बन्धित न्यायालय कार्यालय को नियत तिथि से पूर्व प्रेषित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

## राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल आज अलीगढ़ में

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** राज्यमंत्री मत्स्य, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज विभाग भारत सरकार श्री एस0पी0 सिंह बघेल 15 फरवरी को अपरान्ह 12:15 बजे गोंडा रोड स्थित बीएस बघेल इंटरनेशनल स्कूल के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मा0 मंत्री जी द्वारा अपरान्ह 01:20 बजे थाना बन्ना देवी स्थित साई विहार कॉलोनी में श्री वीरेन्द्र पाल जी से भेंट वार्ता कर एटा के लिए प्रस्थान किया जाएगा।

## दिव्यांग बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।** शिव समृद्धि संस्था द्वारा सांस्कृतिक एवं नृत्य कार्यक्रम आज कृष्णजलि में आयोजन हुआ। आयोजक डॉ अंशु सक्सेना ने वताया कि हर वर्ष कि भाति इस वर्ष भी शिव समृद्धि संस्था द्वारा सांस्कृतिक एवं नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ विभाग कार्यवाह योगेश, विभाग प्रचारक गोविन्द, ललित, राजकुमार, रतन वार्ष्णेय, अशोक सक्सेना, गीतांजलि शर्मा , कृष्णा गुप्ता, सयुंक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमिश्नर संगीता सिंह , महापौर प्रशांत सिंघल, विधायक मुक्ता राजाजी, महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा, नगर आयुक्त विनोद कुमार एवं अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, पूर्व महापौर शाकुंतला भारती, सावित्री वार्ष्णेय मौजूद रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन अरुण तिवारी ने किया। समृद्धि सक्सेना ने कैसी मुरली बजायी वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। समृद्धि आरना वंश तनिष्का कश्वी प्रिया राखी संजना दीक्षा मुस्कान निशा सिद्धि रश्मि लक्ष्मी प्रिंस आयुष एवं मथुरा से आए हुए दिव्यांग कुशाग्र ने मनमोहक प्रस्तुति दी ।

# भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार : अमित शाह



**हल्द्वानी (एजेंसी)।** मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह के अवसर पर कहा कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने अगले मेजबान मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को ध्वज सौंपने से पहले खेलों के समापन की घोषणा की।

शाह ने अपने संबोधन में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं आज यह कह सकता हूं कि खेलों में भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार हैं।' उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शाह को स्मृति चिन्ह, शॉल और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। शाह ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित समारोह में कहा, 'देव भूमि न केवल राष्ट्रीय खेलों के कारण, बल्कि खेलों में अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेलों की सफल मेजबानी के कारण खेल भूमि में बदल गई है। मैंने यहां देखा कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाए गए कुछ रिकॉर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं।'

शाह और धामी के अलावा जिन अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने समापन समारोह में भाग लिया उनमें केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग शामिल हैं। मांडविया ने कहा, 'उत्तराखंड ने देश को बताया है कि यह सिर्फ देवभूमि नहीं बल्कि खेलभूमि भी है। राज्य ने सुनिश्चित किया कि खेलों के दौरान किसी भी खिलाड़ी को कोई कठिनाई न हो। यह भारत के खेल केंद्र बनने की शुरुआत है।'

आयोजन स्थल की क्षमता 25,000 है और यह समारोह के लिए खचाखच भरा हुआ था। मांडविया ने कहा, 'यह 2036 तक भारत के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल होने की शुरुआत है। देश में अब एक खेल पारिस्थितिकी तंत्र है। यह खेल सहित हर पहलू में आगे बढ़ रहा है।' इस अवसर पर उषा ने कहा, 'सफर यहीं खत्म नहीं होता, यह भारतीय खेलों के लिए सिर्फ शुरुआत है।'

यहां राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत 28 जनवरी को हुई थी जिसमें सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) कुल 121 पदक (68 स्वर्ण, 26 रजत, 27 कांस्य) के साथ पिछले छह राष्ट्रीय खेल में पांचवीं बार पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र ने 198 (54 स्वर्ण, 71 रजत, 73 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक जीते लेकिन कम स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहा। यहां तक ??कि हरियाणा को 153 (48 स्वर्ण, 47 रजत, 58 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक मिले, लेकिन उसे तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। मेजबान उत्तराखंड 24 स्वर्ण, 35 रजत और 44 कांस्य सहित कुल 103 पदकों के साथ सातवें स्थान पर रहा।

# भारत की उम्मीदों को झटका, एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान से हारा



**किंगदाओ (चीन) (एजेंसी)।** भारत शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से 0-3 से हार गया और इस तरह से प्रतियोगिता में उसके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और 2017 के चैंपियन जापान के खिलाफ उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल के शुरुआती मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु सैतो से 13-21, 21-17, 13-21 से हार गई।

पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल में भारत का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर था लेकिन वह टोमोका मियाज़ाकी से 12-21, 19-21 से हार गई जिससे भारत 0-2 से पीछे हो गया। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी। सत्र के शुरू से फॉर्म से जूझ रहे 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के 16वें नंबर के केंटा निशिमोटो के खिलाफ दबाव बरकरार नहीं रख सके।

जापानी स्टार ने एक घंटे और 17 मिनट में 21-14, 15-21, 21-12 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए यह हार इसलिए भी निराशाजनक है क्योंकि जापान के शीर्ष खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं और उसने दूसरी श्रेणी की टीम उतारी है।

# अंडर-19 विश्व कप जिताने वाली शबनम गेंदबाजी का कमाल दिखाने को बेताब

**–बोलीं–डब्ल्यूपीएल ऐसा टूर्नामेंट जो लक्ष्यों को हासिल करने में मेरी मदद करेगा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भारत को लगातार दूसरी बार जीत दिलाने वाली तेज गेंदबाज शबनम शकील अब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। कुआलालंपुर में विश्व कप जीतने की खुशी पर शबनम ने कहा कि अब उनका ध्यान गुजरात जायंट्स के लिए मैच जिताने पर है। डब्ल्यूपीएल 2025 की शुरुआत शुक्रवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से होगी, जिसमें शबनम अपनी गेंदबाजी का कमाल दिखाने को बेताब हैं।

विश्व कप जीतने के अपने अनुभव पर शबनम ने कहा कि यह मेरे लिए बेहद खास था, क्योंकि एक बार विश्व कप जीतना ही बहुत बड़ी उपलब्धि होती है, लेकिन इसे दो बार जीतना यह साबित करता है कि हमारी टीम कितनी मजबूत है। उन्होंने यह भी माना कि भारत लौटने पर उन्हें इतने भव्य स्वागत की उम्मीद नहीं थी। मुझे गर्व महसूस हुआ और मैं सभी का धन्यवाद देती हूं जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूपीएल को लेकर शबनम काफी उत्साहित हैं और इसे अपने करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानती हैं।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जो लक्ष्यों को हासिल करने में मेरी मदद करेगा। खासतौर पर विदेशी और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलना एक शानदार अनुभव होता है। डब्ल्यूपीएल के पिछले सीजन में गुजरात जायंट्स के लिए डेब्यू करने वाली शबनम ने नेट साइवर-ब्रंट का विकेट लेकर अपनी छाप छोड़ी थी, लेकिन यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में उनकी घातक गेंदबाजी ने सभी का ध्यान खींचा था, जब उन्होंने एलिसा हीली, चामरी अथापथु और अपनी अंडर-19 साथी श्वेता सेहरावत को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया था। शबनम शकील की नजरें अब डब्ल्यूपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को चैंपियन बनाने पर टिकी हैं, जिससे उनका क्रिकेट करियर नई ऊंचाइयों तक पहुंच सके।

# दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के मैच में शेफाली पर होगी निगाह

**वडोदरा (एजेंसी)।** पहले टूर्नामेंट के विजेता मुंबई इंडियंस और दो बार फाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बीच शनिवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में सभी की निगाहें विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी रहेंगी जिनका लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना होगा।

मुंबई और दिल्ली दोनों टीमों ने पहले दो टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी। मुंबई दूसरे टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में बाहर हो गया था जबकि दिल्ली को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पता चलता है कि यह दोनों टीम कितनी अच्छी हैं और इसलिए उनके बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। मुंबई ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और उसके टीम संयोजन में किसी तरह के खास बदलाव की संभावना नहीं है।

भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है और मुंबई ने उनकी जगह बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसोदिया को लिया है जिन्होंने हाल ही में अंडर -19 महिला टी 20 विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई थी। अंडर-19 टी20 विश्व कप विजेता टीम की एक अन्य सदस्य जी कमलिनी पर भी निगाहें रहेंगी, जिन्होंने सात मैच में 143 रन बनाए थे।

मुंबई के पास हरमनप्रीत कौर के रूप में अनुभवी कप्तान और बल्लेबाज है। उसकी टीम में कुछ कुशल विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें नेट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड) के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क, शबनिम इस्माइल और क्लो ट्राईटन प्रमुख हैं।

जहां तक दिल्ली का सवाल है तो सभी की निगाहें विस्फोटक भारतीय बल्लेबाज शेफाली पर होंगी जिन्होंने राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। वह अपनी इस फॉर्म को यहां जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली के पास शेफाली और मेग लैनिग के रूप में खतरनाक सलामी जोड़ी है जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड, इंग्लैंड की एलिस कैप्सी और भारत की जेमिमा रोड्रिग्स उसके मध्य क्रम की धुरी हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेले मैथ्यूज, जिन्तिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नादिन डी क्लर्क, नताली साइवर-ब्रंट, परुनिका सिसौदिया, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमलिनी (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), सैका इशाक, शबनीम इस्माइल।

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, स्नेह दीप्ति, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, जेस जोनासेन, मारिजैन कैप, मिन्नू मणि, एन चरणी, निकी प्रसाद, राधा यादव, शिखा पांडे, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तानिया भाटिया (विकेटकीपर), सारा ब्राइस (विकेटकीपर), तितास साधु।



# अब खेल प्रतिभाओं की पहचान के साथ ही उन्हें निखारेंगे मैरी कॉम सहित कई पूर्व खिलाड़ी

नई दिल्ली। प्रसिद्ध मुक्केबाज मैरी कॉम, टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल जैसे ओलंपियन खिलाड़ियों की अगुवाई में बनी एक समिति अब उभरती हुई खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के साथ ही उन्हें निखारने का काम करेगी। इस समिति की जिम्मेदारी निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना रहेगा। ये समिति अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले एथलीटों के प्रदर्शन की निगरानी और कोच का मूल्यांकन करने के बारे में भी सलाह देगी। इस समिति में सरकारी प्रतिनिधि और विभिन्न खेलों के सेवानिवृत्त प्रतिष्ठित भी एथलीट शामिल हैं। समिति के अन्य उद्देश्यों में प्रतिभाओं की पहचान करना और सब–जूनियर एवं जूनियर स्तर के एथलीटों के विकास के लिए प्रशिक्षण संबंधी सलाह देना, निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एथलीटों/टीमों के चयन पर नजर बनाए रखना भी शामिल है। इसके अलावा, समिति राष्ट्रीय शिविरों के दौरान कोचिंग सुविधाओं और राष्ट्रीय टीमों से जुड़े भारत/विदेशी प्रशिक्षकों के प्रदर्शन का निरीक्षण व विश्लेषण करेगी। इस समिति में दिग्गज एथलीट शाइनी अब्राहम के अलावा निशानेबाज हीना सिद्धू सहित कई अन्य पूर्व खिलाड़ी भी शामिल हैं।



# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी : शिखर धवन को नियुक्त किया ब्रांड एम्बेसडर



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के चार इवेंट एंबेसडर में से एक के रूप में नामित किया गया है। धवन के अलावा पाकिस्तान के 2017 के विजेता कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी भी इस सूची में शामिल हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होने वाली है, और इसके कुछ मुकाबले पाकिस्तान में तो कुछ दुबई में खेले जाएंगे। शिखर धवन, जिन्होंने 2013 में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे, ने आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा, चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा बनना एक विशेष एहसास है और एक ब्रांड एम्बेसडर के रूप में आगामी सत्र का आनंद लेने का अवसर मिलना एक सम्मान की बात है। उन्होंने आगे कहा, 卐अगले कुछ हफ्तों में हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को आपस में प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे, जहां एक गलती या हार उनके सभी प्रयासों को समाप्त कर सकती है। यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें सब कुछ दांव पर लगा होता है और यही इसे इतना रोमांचक बनाता है।卐 धवन चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में दो सत्रों में 701 रन बनाकर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत की है।

# प्रो लीग का प्रत्येक मैच जीतना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्य: हरमनप्रीत



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्येक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरुआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा।

हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले कहा, 'हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है। हम महीनों से तैयारी कर रहे हैं, एचआईएल से बहुत कुछ सीखा है। हम अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी सक्षम हैं। हम सिर्फ अच्छी हॉकी खेलना चाहते हैं, सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं और हमारा लक्ष्य विश्व कप को देखते हुए (प्रो लीग में) हर मैच जीतना है।' पुरुष हॉकी विश्व कप 14 से 30 अगस्त 2026 तक वेवरे, बेल्जियम और अम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकरों में से एक हरमनप्रीत ने एचआईएल के शीर्ष स्कोरर जुगराज सिंह की फ्लिक करने की क्षमता की प्रशंसा की और कहा कि घरेलू खिलाड़ियों का इस तरह से सामने आना राष्ट्रीय टीम के लिए अच्छे संकेत हैं।

उन्होंने कहा, 'हमने एचआईएल में कुछ अच्छे घरेलू खिलाड़ी देखे हैं। यह युवाओं के लिए एक अच्छा मौका था और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। जुगराज ने सर्वाधिक गोल किए और उसका प्रदर्शन शानदार रहा। मैं उसके लिए खुश हूं और यह राष्ट्रीय टीम के लिए भी फायदेमंद है।' हरमनप्रीत ने के साथ ही कहा कि उनकी टीम स्पेन को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी। 'स्पेन की टीम बहुत अच्छी है और हम उसे हल्के से नहीं ले सकते हैं। हमारा ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके मैच जीतने पर है।' भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग टीम के लिए उचित संयोजन तैयार करने का एक मौका है। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यह उचित टीम संयोजन तैयार करने का मौका है। हम कुछ चीजों को आजमाएंगे और देखेंगे कि हमारे लिए सबसे बेहतर क्या है।'

# विश्वकप के इंतजार को कम करता है चैम्पियंस ट्रॉफी : वाटसन



सिडनी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है चैम्पियंस इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है। उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। । एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है। वाटसन ने कहा, 'हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं, इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है। इसमें सिर्फ 8 टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है। इसमें आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर होने का खतरा बना रहता है। भारतीय टीम ने साल 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी पर उस समय विराट कोहली और रोहित शर्मा अच्छे फार्मू में थे। अभी होनो ही खराब दौर से गुजर रहे हैं। वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि खराब दौर विराट और रोहित के प्रभाव पर कोई असर डालेगा। दुबई में हालात अलग होंगे और एकदिवसीय में वे खुलकर खेल सकेंगे। कोहली वैसे भी एकदिवसीय में अन्य प्रारुपों से बेहतर खेलते हैं। । वाटसन ने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होने की संभावना है।

# श्रीलंका ने हासिल की ऑस्ट्रेलिया पर सबसे बड़ी वनडे जीत, सीरीज भी जीती



**खेल डैस्क।** श्रीलंका से टेस्ट सीरीज 2-0 से जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज 2-0 से गंवा दी है। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए दूसरे वनडे में श्रीलंका ने 174 रनों से जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम कर ली। यह जीत श्रीलंका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रनों के हिसाब से सबसे बड़ी वनडे जीत थी, जो इस श्रृंखला में उनकी श्रेष्ठता को उजागर करती है। वहीं, चोटों या व्यक्तिगत कारणों से कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने मुसीबतें ही हैं। यही टीम चैंपियंस ट्रॉफी में जाएगी जहां जीतना उनके लिए काफी मुश्किल होगा। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 50 ओवर में 4 विकेट पर 281 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मुख्य योगदान कुसल मेंडिस का रहा जिन्होंने अपना पांचवां एकदिवसीय शतक (115 गेंदों पर 101) लगाया। पहले वनडे में कुसल खास स्कोर नहीं बना पाए थे। इसके बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे चैरिथ असलांका ने 66 गेंदों पर नाबाद 78 रनों का योगदान दिया। निशान मदुष्का ने भी अर्धशतक (51) लगाया और स्कोर 281 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए सीन एबॉट सबसे किफायती गेंदबाज़ रहे, उन्होंने 1-41 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य का पीछा करने में संघर्ष करना पड़ा और 25वें ओवर में ऑल आउट होने से पहले वह केवल 107 रन ही बना सका। स्टीव स्मिथ 29 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी लाइनअप को श्रीलंकाई गेंदबाजों ने तहस-नहस कर दिया। डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा और असिथा फर्नांडो ने 3-3 विकेट लिए। वेललेज ने 4-35, हसरंगा ने 3-23 तो फर्नांडो ने 3-23 के आंकड़े दिए।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे आजम, प्रशंसकों से बोले , मैं किंग नहीं

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले हुई त्रिकोणीय सीरीज में अब तक वह विफल रहे हैं। आजम वैसे तो नंबर तीन पर उतरते हैं पर उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी में फखर जमा के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा जा सकता है। इसलिए त्रिकोणीय सीरीज में उन्हें पारी की शुरुआत मिला पर वह शुरुआत दोनो ही मैचों में रन बनाने में विफल रहे हैं। वहीं अब आजम ने प्रशंसकों से कहा है कि उन्हें किंग जैसे नामों से संबोधित नहीं किया जाये। गौरततब है कि पाक में आजम की तुलना विराट कोहली से होती रही है। विराट को जिस प्रकार से किंग कहा जाता है, वैसे ही आजम को भी लोग किंग नाम से बुलाने लगे हैं जिसपर उन्होंनें नाराजगी जतायी है। जिस तरह से भारत में विराट कोहली को किंग कहा जाता है वसी तर्ज पर पाकिस्तान में भी बाबर आजम को भी किंग कहा जाता है। आजम का कहना है कि वह किंग नहीं है जब वह क्रिकेट छोड़ेंगे तब इस पर बात करेंगे। इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें बाबर कहते हैं कि पहली बात ये है कि किंग बोलना जरा कम करें मैं कोई किंग नहीं हं। जब छोडेंगे तब उस पर बात करेंगे।

# बीसीसीआई ने गौतम गंभीर के खास को किया उनसे दूर, इस कारण से साथ रहना हुआ मुश्किल



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** बीसीसीआई इस समय अपने नियमों को लेकर सख्त है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई बैठक में बोर्ड ने कुछ फैसले किए थे और उन पर वो कायम है। इंग्लैंड के भारत दौरे पर ये देखने को भी मिला। बोर्ड ने फैसला किया था कि सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों का कोई भी मैनेजर टीम के साथ नहीं होगा और इंग्लैंड सीरीज के दौरान ऐसा ही हुआ।

ये फैसला इसलिए किया गया था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गौतम गंभीर के पीए टीम होटल में ही रुक रहे थे और टीम के साथ ही थे। वह एडिलेड के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में भी घूम रहे थे। इसी कारण बीसीसीआई ने ये फैसला किया था।

हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ऐसा नहीं हुआ। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि, कोचिंग स्टाफ के पर्सनल सेकेट्री, जो लगातार टीम होटल में रह रहा था वह अब दूसरे होटल में रहते हैं। हालांकि, वह इंग्लैंड सीरीज के दौरान हर मैच में स्टेडियम में उपलब्ध थे।

रिपोर्ट में गंभीर का नाम नहीं है लेकिन टीम इंडिया के मौजूदा कोचिंग स्टाफ में से सिर्फ गंभीर ही इकलौते हैं जिनका अपना खुद का पीए है जो टीम के साथ सफर करता है। ऑस्ट्रेलिया में गंभीर के पीए की हर मैदान पर मौजूदगी ने बीसीसीआई को परेशान कर दिया था।

पीटीआई ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा था कि, उनका पीए उस कार में क्यों बैठा है जो नेशनल सेलेक्टर्स के लिए है। कार में तीसरे इंसान की मौजूदगी के कारण वह चीजें प्राइवेट में डिस्कस भी नहीं कर सकते। उन्हें एडिलेड में बीसीसीआई के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में भी जगह दी गई थी?

बीसीसीआई ने कोचिंग स्टाफ के पीए के साथ जाने, रुकने पर ही रोक नहीं लगाई थी बल्कि खिलाड़ियों के परिवार के रुकने की भी समय सीमा तय कर दी थी। पहले पूरे दौरे के दौरान परिवार खिलाड़ियों के साथ रह सकता था, लेकिन अब इसमें कटौती कर दी है। 45 दिन के दौरे पर परिवार दो सप्ताह से ज्यादा खिलाड़ी के हाथ नहीं रह सकता।




# बॉक्स ऑफिस पर बड़ी ओपनर बन सकती है विक्की कौशल की छावा

दिनेश विजान निर्मित और लक्ष्मण उतेकर निर्देशित ऐतिहासिक फिल्म छावा को लेकर दर्शकों में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में कितनी दीवानगी इस बात का सबूत फिल्म की 9 फरवरी से शुरू हुई एडवांस बुकिंग से चलता है। मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित यह फिल्म साल 2025 की अब तक की हाईएस्ट ओपनर बॉलीवुड फिल्म बनने की राह पर अग्रसर है। वैलेंटाइन के दिन 14 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने से पहले ही फिल्म एडवांस बुकिंग में नया रिकॉर्ड भी बना सकती है। जब से छावा के लिए सिनेमाघरों की टिकट खिड़कियां खुली हैं तभी से जमकर टिकट बिक रही है। 9 फरवरी को ही छावा की एडवांस बुकिंग शुरू हुई थी और सिर्फ चार दिन के अंदर ही इसने करोड़ों रुपए की कमाई करने में सफलता प्राप्त कर ली है।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार (12 फरवरी) को दोपहर 1 बजे तक फिल्म 2,17,629 टिकट सेल हुई हैं। एडवांस बुकिंग के जरिए लक्ष्मण उतेकर की निर्देशित फिल्म ने 6.15 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। जबकि ब्लॉक सीटों के साथ छावा ने 7.68 करोड़ रुपये कमाए हैं। उम्मीद है कि फिल्म पहले दिन 15 से 18 करोड़ रुपये कमा सकती है। मंगलवार को सुबह 11 बजे तक बॉक्स ऑफिस पर इसके एडवांस बुकिंग के पहले दिन करीब 1.48 लाख टिकट बिक चुके थे, जिससे कुल 4.21 करोड़ रुपए की कमाई हुई। ब्लॉक सीट डेटा सहित प्री-सेल्स बिजनेस के साथ फिल्म ने 5.53 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। कमाई के मुताबिक सबसे ज्यादा कारोबार महाराष्ट्र से हो रहा है जहां दर्शक छत्रपति संभाजी राज की यह फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि फिल्म छावा पहले दिन 15-18 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी के जीवन और उनकी वीरता पर आधारित है, जिन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ युद्ध किया था। बॉक्स ऑफिस को उम्मीद है कि छावा अजय देवगन की मराठा योद्धा तान्हाजी के ज्यादा बड़ी और भव्य फिल्म साबित हो सकती है। इस फिल्म को लेकर महाराष्ट्र के दर्शकों में जबरदस्त जुनून नजर आ रहा है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों को प्रभावित किया है। हालांकि सेंसर बोर्ड ने फिल्म के कुछ दृश्यों और संवादों को हटाने का निर्देश निर्माताओं को दिया जिसे उन्होंने तुरन्त स्वीकार करते हुए उनमें संशोधन कर दिया है। अजय देवगन की तान्हाजी ने अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था। छावा अगर उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल हो जाती है तो यह तय है कि विक्की कौशल हिन्दी सिनेमा के बड़े सितारों में शुमार हो जाएंगे।



# टॉक्सिक की शूटिंग दो भाषाओं में कर रहीं हैं कियारा आडवाणी

**अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।**

## दो भाषाओं में कियारा कर रहीं शूटिंग

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में टॉक्सिक से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। केजीएफ चैप्टर 2 के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं।

टॉक्सिक का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं।

## वॉर में भी जल्द आएंगी नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म गेम चेंजर में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।



# विवाद के बीच समय रैना के बचाव में आईं उर्फी

**समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में अभद्र टिप्पणी को लेकर रणवीर इलाहाबादिया विवादों में हैं। समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद कथित फ्रेंड समय रैना के बचाव में आईं हैं।**

मशहूर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में परिवार को लेकर अश्लील टिप्पणी की। उन्होंने जो कुछ भी कहा, उस पर विवाद हो रहा है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। रणवीर की अलोचना हो रही है तो समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। यूट्यूब पर आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने के लिए समय को जेल भेजने की मांग की जा रही है। इस पर उर्फी जावेद कथित दोस्त के बचाव में आई हैं।

## जेल नहीं भेजना चाहिए

समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट को यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ पिछले एपिसोड को लेकर कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। शो में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना की जमकर आलोचना हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्फी जावेद कहा है, भले ही पैनल पर इस तरह की टिप्पणियां की गईं, जो आपत्तिजनक थीं, लेकिन इसके लिए उन्हें जेल नहीं भेजना चाहिए।

## जो कहा वो गलत था, लेकिन...

उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है, आपको कुछ लोग पसंद नहीं हैं, आपको उनकी कही या की गई बातें पसंद नहीं हैं, लेकिन इसके लिए आप उन्हें जेल भेजने की मांग कर रहे हैं? क्या वाकई? मुझे नहीं पता। समय दोस्त है, मैं उनका साथ देती हूं, लेकिन पैनल के बाकी लोगों ने जो कहा वह आपत्तिजनक था। वह टिप्पणी आपत्तिजनक थीं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे इसके लिए जेल जाने के लायक हैं।



# इमरजेंसी देख मृणाल ठाकुर ने की कंगना रनौत की तारीफ



बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी देखी। इसके बाद उन्होंने एक ट्रोल द्वारा इसे प्रोपेगैंडा फिल्म कहे जाने के बाद कंगना का बचाव किया। मृणाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कंगना की तारीफ की है।

## मृणाल ठाकुर ने की इमरजेंसी की तारीफ

मृणाल ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कंगना रनौत की तस्वीर शेयर कर उनकी तारीफ की है। उन्होंने लिखा, मैंने अभी-अभी अपने पिता के साथ सिनेमाघरों में इमरजेंसी देखी और मैं अभी भी उस अनुभव से उबर नहीं पाई हूं! कंगना रनौत की बहुत बड़ी प्रशंसक होने के नाते, मैं इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी और यह एक बेहतरीन फिल्म थी।

## मृणाल ने की कंगना की तारीफ

मृणाल ने लिखा, गैंगस्टर से लेकर क्वीन, तनु वेड्स मनु से लेकर मणिकर्णिका, थलाइवी और अब इमरजेंसी तक कंगना लगातार अपनी सीमाओं को लांघकर काम करती जाती हैं। इस फिल्म में कंगना का निर्देशन और अदाकारी दोनों शानदार हैं। कंगना, आप सिर्फ एक अभिनेता नहीं हैं। आप एक सच्ची कलाकार और प्रेरणा हैं। उनकी चुनौती पूर्ण भूमिकाएं हमेशा सबको प्रेरित करती हैं। कंगना रनौत और उनकी फिल्म की पूरी टीम ने एक बहुत शानदार मास्टर पीस बनाया है। मैं इसे बड़े पर्दे पर देख सकी, ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं आपकी तारीफ करना कभी बंद नहीं करूंगी। कंगना की फिल्म को लेकर मृणाल ने कहा कि पटकथा, संवाद, संगीत और संपादन बहुत अच्छे और अट्रैक्टिव हैं। उन्होंने फिल्म में नजर आए सभी कलाकारों की तारीफ की है। उन्होंने लिखा, अभिनेता ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# 'विश्वम्भरा' के सॉन्ग सीक्वेंस के लिए शूट करेंगे चिरंजीवी

मेगास्टार चिरंजीवी की तीन फिल्में आने वाली हैं। उन्हीं में से एक है 'विश्वम्भरा', जिसकी शूटिंग अभी चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन वशिष्ठ मल्लिदी कर रहे हैं और अभिनेत्री त्रिशा मुख्य भूमिका में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चिरंजीवी फिल्म का एक गाना शूट करने वाले हैं। इस सीक्वेंस में उनके साथ और कौन शामिल होगा इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इस गाने का म्यूजिक ऑस्कर विजेता एमएम कीरवानी ने तैयार किया है कहा जा रहा है कि फिल्म 9 मई 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी, हालांकि निर्माताओं द्वारा इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। इसके स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में चिरंजीवी के अलावा आशिका रंगनाथ, राम्या पसुपुलेटी, ईशा चावला, आश्रिता और अन्य कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म में कुणाल कपूर खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं।





# बी प्राक ने कैंसिल किया रणवीर अलाहबादिया का पॉडकास्ट

**पेरेंट्स और महिलाओं पर भद्दे कमेंट मामले के बाद सिंगर बी प्राक ने यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया के पॉडकास्ट में जाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा- मैं बीयर बाइसेप्स के पॉडकास्ट में जाने वाला था, लेकिन अब इसे कैंसिल कर दिया है। वजह उनकी गिरी हुई मानसिकता है। समय रैना के शो में कैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। यह हमारा इंडियन कल्चर नहीं है। बी प्राक ने यह बातें इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर कहीं।**

## 'रणवीर आप सनातन धर्म को प्रमोट करते हैं, लेकिन सोच घटिया'

बी प्राक ने कहा, 'आप (रणवीर) अपने पेरेंट्स की कौन सी स्टोरी बता रहे हैं। आप उनकी कौन सी बातें कर रहे हैं। किस तरीके से यह बातें कर रहे हैं। यह कॉमेडी है? इसे कॉमेडी तो बिल्कुल नहीं कहते। लोगों को गालियां देना, लोगों को गालियां सिखाना स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं है। मुझे समझ ही नहीं आ रहा है कि यह कौन सी जनरेशन है। शो में एक सरदार (बलराज घई) जी आते हैं। सरदार जी आप एक सिख हैं, क्या आपको यह चीजें शोभा देती हैं। सरदार जी इंस्टाग्राम के वीडियो में कहते हैं कि मैं गालियां देता हूं, क्या प्रॉब्लम है। हमें प्रॉब्लम है और रहेगी। रणवीर अलाहबादिया आप सनातन धर्म को प्रमोट करते हैं। इतने बड़े-बड़े लोग आपके पॉडकास्ट में आते हैं, बड़े-बड़े संत आते हैं और आपकी इतनी घटिया सोच है। आप इतने फेमस हो गए हैं। आपको तो यह दिखाना चाहिए कि अपने कल्चर को कैसे प्रमोट करें।'

सिंगर कहते हैं, 'दोस्तों मैं आपसे एक ही बात बोलूंगा कि अगर हम यह सारी चीजें नहीं रोक पाए, तो हमारी आने वाली जनरेशन का भविष्य बहुत खराब होगा। मैं समय रैना समेत सभी कॉमेडियन से हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि ऐसा मत करिए। हमारे इंडियन कल्चर को बचा कर रखिए और लोगों को मोटिवेट करिए। ऐसा कंटेंट बनाइए कि आने वाली जनरेशन को प्रेरणा मिले। थैंक्यू, राधे-राधे। इंडियाज गॉट लेटेंट स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना का शो है, जिस पर विवाद हो रहा है। यह एपिसोड 8 फरवरी को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद एपिसोड को यूट्यूब से हटा दिया गया है। इस शो में पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर ऐसी बातें कही गईं। समय रैना के इस शो में बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। शो के दुनियाभर में 73 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। शो के हर एपिसोड को यूट्यूब पर औसतन 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिलते हैं। समय और बलराज घई को छोड़कर शो के हर एपिसोड में जज बदलते रहते हैं। हर एपिसोड में नए कंटेस्टेंट को परफॉर्म करने का मौका मिलता है। कंटेस्टेंट को अपना टैलेंट दिखाने के लिए 90 सेकेंड दिया जाता है।




# दर्शकों को नहीं पसंद आई जुनैद-खुशी की कॉमेडी

लवयापा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने की कगार पर पहुंच चुकी है। यह फिल्म अपने बजट का मुश्किल से 10 फीसदी ही कमा सकी है। सप्ताहांत के बाद फिल्म की कमाई अब लाखों तक ही सीमित रह गई है। सोमवार को इस फिल्म ने 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, पांचवें दिन इस फिल्म ने 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब पांच करोड़ 60 लाख रुपये हो गई है।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक सौरभ वार्ष्णेय द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली से मुद्रित कराकर सी-1/9, तृतीय तल, संजय एंकलेव, उत्तम नगर, नई दिल्ली -110059 से प्रकाशित किया।
संपादक - सौरभ वार्ष्णेय, आर.एन.आई नं DELHIN/2016/71693 (किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा नई दिल्ली क्षेत्र के न्यायालय में ही मान्य होगा) (फोन नं. 01204445274, संपादकीय- 9673140113, विज्ञापन-प्रसार 9319720113)